


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-19 | सीहोर, रविवार 02 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# हिमाचल प्रदेश में आसमानी आफत!

## भारी बारिश के कारण मनाली में बाढ़ जैसे हालात



शिमला/कुल्लू (ए.)। हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया है, जिससे राज्य में भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं और कई प्रमुख सड़कें व राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राज्य में लगभग 200 सड़कें बंद होने की सूचना है, जिसके चलते कुल्लू, लाहौल और स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिले जैसे दूरदराज के इलाके देश के बाकी हिस्सों से कट गए हैं। इन क्षेत्रों में लोगों का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है।कुल्लू में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है, जहां भारी बारिश के कारण प्रसिद्ध अखाड़ा बाजार और गांधी नगर क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। सड़कों पर पानी का सैलाब आ गया है, जिससे सड़क किनारे खड़े वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रशासन ने बर्फबारी के कारण नेहरू कुंड से आगे वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, क्योंकि सोलंग नाला, गुलाबा, अटल सुरंग और रोहतांग में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। इसी कड़ी में मनाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।बनाला में हुए भूस्खलन ने मनाली-कीरतपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को पूरी तरह से ठप कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लगातार पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग की मरम्मत का काम अभी तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे यातायात व्यवस्था बहाल होने में देरी हो रही है। बर्फबारी और व्यापक बारिश के कारण राज्य की आदिवासी घाटियों में भी कई सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। कुल्लू शहर के मध्य से बहने वाले सरवरी नाले में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। नाले में इतना पानी आ गया कि कई वाहन इसकी चपेट में आ गए और पानी में डूब गए।

नाले के किनारे बने घरों में भी पानी घुस गया है, जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान सरवरी नाले के किनारे अस्थायी कार पार्किंग बनाई गई थी, जिसमें मलबा डाला गया था। यह पार्किंग लोगों द्वारा लगातार उपयोग की जा रही थी। भारी बारिश के कारण इस पार्किंग क्षेत्र में पानी भर गया और वहां खड़ी गाड़ियां डूब गईं। इसके अलावा, गांधी नगर और आखाड़ा बाजार में भी नालों में मलबा जमा होने से पानी का बहाव बदल गया, जिससे पानी गलियों और घरों में घुस गया।चंडीगढ़-मनाली राजमार्ग भी कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित है। कुल्लू और मंडी जिलों में दर्जनों अन्य सड़क मार्ग भी बंद हैं, जिससे इन क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है। लाहौल स्पीति जिले में भारी बर्फबारी के कारण, इस जिले का संपर्क देश और दुनिया से पूरी तरह से कट गया है। शिमला जिले में, नारकंडा में भारी बर्फबारी के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 5 (हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग) को बंद कर दिया गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में एनएक्सटी कॉन्क्लेव के दौरान डॉ. एन लिबर्ट से मुलाकात।

# 500 जवानों ने बड़े नक्सलियों को चारों तरफ से घेरा, मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

सुकमा (ए.)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। मारे गए नक्सलियों को मिलाकर 2025 में 83 नक्सली ढेर हुए हैं। मामला किस्टाराम थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बड़े लीडर्स से मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि किस्टाराम इलाके में कोबरा, डीआरजी और जिला बल के करीब 500 जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। इसके पहले जवानों ने बीजापुर में 9 फरवरी को जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए थे।

# बजट सत्र में गूंजेगा सौरभ शर्मा का मुद्दा

## कांग्रेस ने सरकार को घेरने की बनाई रणनीति, नेता प्रतिपक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

भोपाल (ए.)। मप्र में बजट सत्र की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सत्र 10 मार्च से शुरू होगा और 24 मार्च चलेगा। वित्त



मंत्री जगदीश देवड़ा, 12 मार्च को सदन में बजट पेश करेंगे। वहीं कांग्रेस ने भी भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरने के लिए खास रणनीति बनाई है। कांग्रेस सौरभ शर्मा का मुद्दा विधानसभा में उठाएगी।नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई में भ्रष्टाचार हुआ है, ऐसे में अहम विधानसभा में सौरभ शर्मा मामले को उठाएंगे। इसके साथ ही एक साल से अधिक का समय सरकार बने हो गया है, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए। वादे पूरे करने को लेकर भी सरकार को सदन में घेरेंगे। यूनियन कार्बाइड कचरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पीथमपुर की जमीन को सरकार भू माफिया को बेचना चाहती है। इसलिए वहां पर कचरा नष्ट किया जा रहा है, ताकि वहां के लोग अपनी जमीन बेचकर चले जाएं। इंदौर बीआरटीएस के हटाए जाने पर भी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को आगामी हालातों को देखते हुए प्रोजेक्ट बनाना चाहिए।

## 14 साल तक की लड़कियों को मिलेगी मुफ्त कैंसर वैक्सीन, सरकार ने कर दिया बड़ा ऐलान

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार ने 14 साल तक की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए मुफ्त कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने शनिवार को इस योजना की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने बताया कि वर्तमान समय में लोगों की जीवनशैली में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसके कारण कैंसर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बीमारी अब हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने मुफ्त कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने कहा, हमने राज्य के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार से 0 से 14 साल की लड़कियों के लिए मुफ्त कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा था। खुशी की बात है कि उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करेगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि कैंसर के मामलों में वृद्धि का मुख्य कारण केवल धूम्रपान या नशीले पदार्थों का सेवन ही नहीं है, बल्कि लोगों की खान-पान की आदतों में बदलाव और आधुनिक जीवनशैली भी एक बड़ा कारण है। विशेष रूप से बच्चों में कैंसर के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए, सरकार की यह मुफ्त टीकाकरण योजना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल मानी जा रही है।

### मुख्यमंत्री एवं उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने किया विक्रमादित्य का न्याय वैचारिक समागम का शुभारंभ

# सम्राट विक्रमादित्य ने की थी निष्पक्ष और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना : सीएम डॉ.यादव

भोपाल (ए.)। भारतीय न्याय व्यवस्था का आरंभ वैदिक काल में हुआ जहाँ सभा और समिति जैसी संस्थाओं के माध्यम से विवादों का निपटारा किया जाता था। सम्राट विक्रमादित्य के समय यह प्रणाली और अधिक सशक्त हुई। हमारे लिए आज भी उनकी न्याय प्रणाली की प्रासंगिकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, समय बदल चुका है लेकिन न्याय की अवधारणा वही है जो विक्रमादित्य ने स्थापित की थी। सम्राट विक्रमादित्य ने न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और समान समाज की स्थापना की थी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विक्रमादित्य का न्याय वैचारिक समागम के शुभारंभ अवसर पर कही। मुख्य न्यायाधिपति श्री सुरेश कुमार कैत ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन व्यवस्था प्रधान था, न कि व्यक्ति प्रधान। विक्रमादित्य का शासन तंत्र न्याय, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समरसता पर आधारित था। विक्रमादित्य का शासन एक संगठित और सुव्यवस्थित प्रणाली पर आधारित था। सम्राट विक्रमादित्य का न्याय त्वरित और पारदर्शी था। सम्राट विक्रमादित्य को न्याय और सुशासन का प्रतीक भी माना जाता है तथा आज भी सम्राट विक्रमादित्य न्याय की मिसाल दी जाती है।




**विक्रमादित्य का न्यायिक वैभव अमर है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

वैचारिक समागम के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की धरा वैभव के साथ ही सम्राट विक्रमादित्य जैसे न्यायप्रिय की भी जन्मदायनी है। उज्जैन एक समय तक ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति, न्याय, सुशासन, व्यापार, व्यवसाय का एक सर्वमान्य केन्द्र रहा है। सभ्यता और संस्कृति की जन्म भूमि भारत अनादि काल से ही अत्यंत वैभवशाली राष्ट्र है।

भारत की उर्वरा भूमि ने पृथ्वीराज चौहान, राणा सांगा, सम्राट अशोक, महाराजा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जैसे अनगिनत वीरों का मार्ग प्रशस्त करने का श्रेय जिस वीर को जाता है, वे है उज्जैन के चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य। विक्रमादित्य ने जो अदम्य पराक्रम दिखाया वह किसी के बस की बात नहीं। गणतंत्र की स्थापना का श्रेय सम्राट विक्रमादित्य को है। उन्होंने जो दान दिया वह आज तक किसी ने नहीं दिया। उनका नाम सदैव अमर रहेगा। सम्राट विक्रमादित्य का न्यायिक वैभव इतिहास में अमर है। भारत का इतिहास न्यास के आदर्शों से परिपूर्ण है। हम सभी ने सिंहासन बत्तीसी में बत्तीस पुतलियों के माध्यम से विक्रमादित्य के न्यायिक वैभव को पढ़ा और सुना है।




# औरंगाबाद में अक्षरा सिंह के शो में मचा बवाल, बेकाबू भीड़ पर पुलिस ने भांजी लाठियां



औरंगाबाद(ए)। बिहार के औरंगाबाद शहर के गेट स्कूल मैदान में शुक्रवार रात भाजपा के पूर्व एमएलसी राजन सिंह और पूर्व प्रमुख ममता सिंह की शादी की 25वीं सालगिरह के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मच गई। पुलिस को भीड़ को काबू करने के लिए लाठियां भांजनी पड़ी। इस कार्यक्रम में भोजपुरी सिनेमा की कई मशहूर हस्तियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। जब भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह मंच पर पहुंचीं और गाना शुरू किया, तो भीड़ अत्यधिक उत्साहित हो गई। दर्शक नजदीक से गायिका को देखने तथा सेल्फी लेने के लिए मंच की ओर दौड़ पड़े। देखते ही देखते दर्शक दीर्घा में भगदड़ मच गई। आसपास तैनात सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन स्थिति तेजी से बिगड़ गई और भीड़ बेकाबू हो गई। किसी तरह से नियंत्रण पाने के लिए पुलिस बल को लाठियां भी चलानी पड़ीं, जिससे माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया। पुलिस से उलझते हुए भीड़ ने और अधिक बवाल मचाया। इसी बीच अक्षरा सिंह ने स्थिति को देखकर तुरंत मंच छोड़ दिया और अपने रूम में चली गईं।

## महाराष्ट्र पुलिस बल में हड़कंप, एक ही जिले में 107 पुलिस अधिकारियों ने किया तबादले का अनुरोध

बीड, (ए)। महाराष्ट्र पुलिस बल में हड़कंप मचा हुआ है। खबर है कि एक ही जिले के 107 पुलिस अधिकारियों ने स्थानांतरण के लिए आवेदन किया है। ये बीड जिले के वे 107 पुलिस अधिकारी हैं जो पिछले कुछ दिनों से कई कारणों से चर्चा में हैं। दरअसल संतोष देशमुख हत्याकांड, अपराध और जबरन वसूली जैसी कई घटनाओं के कारण बीड चर्चा के केंद्र में आ गया है। इसलिए पुलिस अधिकारी अब बीड में पोस्टिंग नहीं चाह रहे हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस बल के 107 पुलिस अधिकारियों ने स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया है और कहा है कि वे बीड जिले में ड्यूटी नहीं करना चाहते हैं। इस घटना से बीड पुलिस बल में हड़कंप मच गया है। कहा जा रहा है कि पुलिस अधिकारी कई कारणों से बीड जाने से इनकार कर रहे हैं, जैसे आरक्षण आंदोलन और विधानसभा चुनाव के बाद शुरू हुई जातिवाद की राजनीति।

## चमोली में हुए एवलांच में दबे चार मजदूरों की मौत, 5 लोगों की तलाश अभी भी जारी



देहरादून(ए)। उत्तराखंड में आए हिमस्खलन की वजह से सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के 52 से अधिक श्रमिकों के फंसने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा नियंत्रण कक्ष का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को बचाव कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार इस हादसे में 50 लोगों को बचा लिया गया है। वहीं, चार श्रमिकों की मौत हो गई है।पीएम मोदी ने सीएम धामी से बात करके राहत और बचाव अभियान की जानकारी ली। सुरक्षित बाहर निकाले गए श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। वहीं सीएम धामी ने चार मजदूरों की मौत पर दुख जताया है। वहीं, पीआरओ डिफेंस देहरादून लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया है कि बर्फ में दबे चार मजदूरों की मौत हो गई है। पांच की तलाश जारी है। जबकि 46 मजदूर सुरक्षित हैं। सीएम धामी भी मौके पर मौजूद हैं। जिलाधिकारी डाक्टर संदीप तिवारी ने बताया हिमस्खलन में गम्भीर रूप से घायल जिन तीन लोगों का इलाज माणा आई टी बी पी अस्पताल में चल रहा था। उन्हें आज शनिवार को सेना के हेलीकॉप्टर से जोशीमठ सेना अस्पताल में लाया गया है।





# कोटेश्वर शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिये तैयार करें एस्टीमेट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का किया अनावरण

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोलेबाबा वरदानी है, वें सरलता, तरलता, निश्छलता के प्रतीक है। भोलेनाथ की जटाओं में गंगा माता विराजी है। बाबा के हृदय से प्रेम की गंगा बहती है, उनके लिए सभी जन समान है, इसलिए बाबा महादेव कहलाते है, जिन्हें सब समान रूप से पूजते है। उन्होंने कोटेश्वर शिवमंदिर के सौंदर्यीकरण के लिये एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लांजी में भगवान बिरसा मुण्डा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि किरनापुर को नगर पंचायत बनाया जायेगा। कारंजा हायर सेकेण्डरी स्कूल का नाम श्री बाला साहब देवरस के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री बालाघाट के लांजी में आठ दिवसीय आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कोटेश्वर महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक परम्परा का अहम हिस्सा है। उन्होंने होली की अग्रिम शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली का त्यौहार पिछड़ों से मिलने का त्यौहार है। संक्रांति मेलों का आयोजन शुरू होता है और वर्ष भर आनंद में सभी का समय व्यतीत होता है। महाकाल की नगरी उज्जैन से शिवरात्रि के अवसर पर विक्रमोत्सव प्रारम्भ हुआ, राजा विक्रमादित्य का जीवन अद्भुत है,जो न्याय, धर्म, ज्ञान, संस्कृति, और वीरता का प्रतीक है,राजा विक्रमादित्य के नाम से प्रारम्भ विक्रम संवत गुड़ी पड़वा से प्रारम्भ होता है।



**धान उत्पादक किसानों को मिलेगा लाभ, आवासहीन को मिलेंगे आवास**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में 4 हजार रुपये प्रति हेक्टयर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि का लाभ मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिनके आवास अब तक नहीं बन पाए है, उन्हें भी आवास दिए जायंगे। सरकार ने अभी गोपालन के लिए योजना बनायीं है, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है, दुग्ध उत्पादन पर सरकार बोनस देगी। पशुपालन का कार्य सभी कर सकते है, गाय के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर बकरी का दुग्ध भी सरकार खरीदेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम में स्थानीय स्तर पर निवेश सम्मलेन के बाद भोपाल में वैश्विक निवेश सम्मलेन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए।

## निगम अमले ने 206 प्रकरणों में 42 हजार 150 का स्पॉट फाईन वसूला

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के दलों ने 206 प्रकरणों में 42 हजार 150 रूपये स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 03 प्रकरणों में 06 हजार रूपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें और शहर के वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शनिवार को जोन क्षेत्रों में सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरूद्ध अभियान के तहत कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों पर कचरा, गंदगी फैलाने, दो डस्टबिन न रखने, कचरा पृथक-पृथक न रखने, खुले स्थानों पर मूत्र विसर्जित करने, प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग करने एवं सम्पत्ति विरूपण करने सहित अन्य प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने व शहर की सुंदरता को बिगाडने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की और सभी प्रकार के प्रकरणों में स्पॉट फाईन/जुर्माने की राषि वसूल की। निगम के अमले ने सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 06 के अमले ने 01 प्रकरण में 05 हजार रूपये, जोन क्रमांक 08 के अमले ने 02 प्रकरण में 01 हजार रूपये सहित कुल 03 प्रकरणों में 06 हजार रूपये की राषि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जनसुनवाई में समस्याओं का किया त्वरित निराकरण



भोपाल (ए)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को अपने ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित सरकारी कार्यालय में जनसुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए समस्याओं का निदान निर्धारित समय सीमा में करने की बात कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जनसुनवाई में आई जरुरतमंद महिलाओं को तत्काल राशन दिलाने और वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन तथा मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने मुलाकात करने आए लोगों को आश्वस्त किया कि यह सेवक किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होने देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस दिशा में सरकार सतत प्रयत्नशील है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्रमवार एक-एक आवेदक के पास जाकर उनकी समस्याएँ सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मोबाइल फोन से संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण में किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की हिदायत दी। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा आमजन की बिजली, पानी व राशन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जनसुनवाई की जाती है ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने शनिवार को जनसुनवाई के दौरान राजकुमार शर्मा से 6 दिन पूर्व किया अपना वायदा निभाया। उन्होंने 6 दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान विकलांग राजकुमार शर्मा से मुलाकात की थी। राजकुमार ने ऊर्जा मंत्री से ई-ट्राईसाइकिल देने का आग्रह किया था। शनिवार को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने राजकुमार शर्मा को न केवल ई-ट्राई साइकल प्रदान की बल्कि बैंक में खाता खुलवाने के लिए एक हजार रुपए की नकद सहायता भी की, ताकि राजकुमार शर्मा की विकलांग पेंशन का लाभ दिलाया जा सके। ई-ट्राइसाइकिल मिलने से प्रफुल्लित राजकुमार ने ऊर्जा मंत्री को आशीर्वाद देकर आभार जताया।

## चिकित्सकों के दलों ने 26 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा निगमकर्मियों विशेषकर स्वच्छता संबंधी कार्यों में संलग्न कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाकर शिविरों में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच, औषधी वितरण के साथ ही उपचार एवं स्वास्थ्य के संबंध में सलाह दी जा रही है। इसी तारतम्य में शनिवार को जिंसी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के प्रथम दिन में 26 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. नुपूर साहू व अन्य चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच भी की गई। सोमवार, 03 मार्च 2025 को भी जिंसी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के आयोजन के क्रम में जिंसी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. नुपूर साहू सहित अन्य चिकित्सकों व सहयोगी स्टॉफ द्वारा 26 सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं विभिन्न रोगों की जांच/स्क्रीनिंग की गई।

## गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया में भीषण आग, केमिकल फैक्ट्री जलकर राख

भोपाल (आरएनएस)। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया में शनिवार को दोपहर में भीषण आग लग गई। इस घटना में केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। थोड़ी देर के लिए आग में कुछ लोग घिर गए थे, जिन्हें बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि आग की लपटें आसपास की फैक्ट्रियों तक भी जा सकती थी। जिस फैक्ट्री में आग लगी उससे लगे कारों के शोरूम भी है।आग पर काबू पाने के लिए पूरे भोपाल की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई है। जेके रोड स्थित टाटा और महिंद्रा शोरूम के पीछे यह केमिकल फैक्ट्री है। इसका नाम आनंद आर्गनाइज है। इसके मालिक प्रेम चावला है। यहां थिनर बनाया जाता था। इसके लिए 40 हजार लीटर केमिकल रखा हुआ था।सूचना मिलते ही गोविंदपुरा, पुल बोगदा, फतेहगढ़ से फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। सीआईएसएफ की टीम भी पहुंची। एसडीईआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को व्यापक रूप देने कांग्रेस द्वारा प्रभारी-सहप्रभारी मनोनीत

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को व्यापक रूप से संचालित किये जाने हेतु कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्ति किये हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री संगठन डॉ. संजय कामले ने बताया कि कांग्रेस नेता ललित सेन को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रदेश स्तर पर प्रभारी और जहीर अहमद को सह प्रभारी नियुक्ति किया गया है। डॉ. कामले ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु बनाये गये प्रभारी-सह प्रभारीद्वय से अपेक्षा की गई है कि वे जिला एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, विधायकों, एवं कांग्रेस द्वारा मनोनीत जिला प्रभारियों/ सह-प्रभारियों से समन्वयक स्थापित कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सकारात्मकता के साथ दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।डॉ. कामले ने बताया कि प्रदेश भर में मतदाता सूचियों में गड़बड़ी सामने आयी हैं, जिसमें अपात्र मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में जोड़े गये हैं, जिससे प्रदेश में होने वाले विभिन्न चुनावों में पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। ऐसी स्थिति में पात्र मतदाताओं के साथ कुठाराघात होता है। कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि प्रदेश भर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जायेगा और अपात्र लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रमुखता से कराया जायेगा। उक्त संबंध में समस्त जिला कांग्रेस कमेटियों, जिला कांग्रेस के प्रभारियों-सहप्रभारियों एवं समस्त विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों को पत्र भेजकर सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

## हमारे शहर की सड़कों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी-निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि हमारे शहर की सड़कों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी है, ऐसे में डामर की सड़कों पर होलिका दहन किया जाता है तो उससे डामर की सड़कें खराब हो जाती हैं और करदाताओं के साथ नगर निगम व अन्य एजेंसियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। नगर निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने हाल ही में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के आयोजन के समय करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित की गई शहर की सड़कों की चिंता करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये साथ ही शहर के प्रबुद्धजन से आव्हान किया कि अपने शहर की सड़कों को दुरूस्त रखने के लिए डामर की सड़कों के स्थान पर आसपास के अन्य कच्चे स्थानों पर परंपरागत रूप से होली जलायें। सूर्यवंशी ने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को भी पत्र लिखकर शहर की सड़कों की सुरक्षा के दृष्टिगत अन्य वैकल्पिक स्थानों पर होलिका दहन की व्यवस्था करने को कहा है।नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शहर की सड़कों की सुरक्षा की चिंता करते हुए नगर निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित किया है, जिसके अनुसार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के आयोजन के दौरान करोड़ो रूपये का व्यय कर भोपाल के सभी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे भोपाल शहर की खूबसूरती में और अधिक वृद्धि हुई है। सूर्यवंशी ने पत्र में लिखा है कि आगामी 13 मार्च 2025 को होलिका दहन किया जायेगा। होलिका दहन हेतु शहर के सभी क्षेत्रों के रहवासियों द्वारा सड़कों पर डंडा गड़ाया जाकर होलिका दहन किया जाता है, इस प्रक्रिया के कारण डामर की सड़के बहुत जल्दी क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से आम करदाताओं को टैक्स के रूप में सरकार को दी गई राशि का नुकसान होता है। सूर्यवंशी ने पत्र में लिखा है कि डामर की सड़कों पर होलिका दहन प्रतिबंधित कर अन्य स्थान पर होलिका दहन करने के आदेश जारी करें ताकि करोड़ों रूपये में बनीं सड़के खराब होने से बच सकें और होली दहन पास के किसी अन्य स्थान पर परंपरागत रूप से होलिका दहन किया जा सके।

## सौन्दर्यीकरण हेतु कमला पार्क में लगाई जाली तोड़ने वाले को निगम अधिकारियों ने रंगे हाथों पकड़ा

भोपाल (आरएनएस)।नगर निगम द्वारा विगत दिनों शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु कमला पार्क में लगाई गई जाली को तोड़कर शहर की सुन्दरता को बिगाड़ने वाले व्यक्ति को निगम अधिकारियों ने जाली तोड़ते हुए रंगे हाथों पकड़कर कार्यवाही हेतु पुलिस के हवाले किया और प्रकरण दर्ज करने हेतु थाना तलैया में आवेदन भी दिया।दरअसल शनिवार को निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग व सीवेज प्रकोष्ठ के कार्यपालन यंत्री आर.के.त्रिवेदी द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा था तभी कमला पार्क में सौन्दर्यीकरण हेतु लगाई गई जाली को तोड़ते हुए व्यक्ति पर उक्त दोनों अधिकारियों की नजर पड़ी, अधिकारियों ने तत्काल अपना वाहन रोककर जाली तोड़ने वाले मोहम्मद अख्तर को पकड़ा और पुलिस के हवाले करते हुए अख्तर के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु थाना तलैया में आवेदन भी दिया जिस पर तलैया पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है।

## एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट राशि अभिदाता के खाते में जमा होगें-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

भोपाल।(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा किये जायेगें। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बताया है कि अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिये 15 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलेगा। इस संबंध में विभागीय स्तर पर निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं।राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। इसमें शासकीय सेवकों के वेतन से कर्मचारी अंशदान एवं शासकीय अंशदान संबंधित के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर (प्रान) में जमा किया जाता है। ऐसे शासकीय कर्मचारी, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए है, ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट (गुमसुदा कटौत्री) की समस्या होती है। गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा आईएफएमआईएस में सुविधा विकसित की गयी है।

## राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला 3 मार्च को

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। सोमवार 3 मार्च 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए आणंद में ट्रैक स्लैब निर्माण कारखाना T3 Package

भोपाल (निप्र)। भारत की पहली बुलेट ट्रेन की महत्वाकांक्षी परियोजना को समर्थन देने के लिए अत्याधुनिक ट्रैक स्लैब निर्माण कारखाना स्थापित किया गया है, जो देश के हाई-स्पीड रेल बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कारखाने को आवश्यकतानुसार विभिन्न आकारों के गिट्टी रहित ट्रैक स्लैब (जे-स्लैब) बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अब तक लगभग 35000 ट्रैक स्लैब (दो कारखानों से) डाले जा चुके हैं, जो लगभग 175 ट्रैक कि.मी. के बराबर हैं।

**स्थान**

यह कारखाना 436 किलोमीटर एलाइनमेंट पर स्थित है (यह 393 से 508 किलोमीटर तक काम करेगा)। परियोजना स्थल से यह निकटता बुलेट ट्रेन निर्माण के लिए कुशल रसद और ट्रैक स्लैब की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करती है।

**उत्पादन क्षमता:**

प्री-कास्ट प्रबलित कंक्रीट ट्रैक स्लैब आम तौर पर 2220 मिमी चौड़े, 4900 मिमी लंबे और 190 मिमी मोटे होते हैं और प्रत्येक स्लैब का वजन लगभग 4 टन होता है। ट्रैक स्लैब निर्माण कारखाने को प्रति दिन 60 स्लैब बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए उच्च दक्षता और महत्वपूर्ण घटकों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करता है। इस कारखाने का उत्पादन दायरा लगभग 46000 जे-स्लैब का निर्माण है। यह सुविधा गुजरात और डीएनएच (352 किमी) में एमएएचएसआर कॉरिडोर के लिए हाई स्पीड रेल ट्रैक के 115 रूट किमी के लिए ट्रैक स्लैब का उत्पादन करेगी।

**स्टैकिंग क्षमता**

बड़े पैमाने पर उत्पादन को सहारा देने के लिए, फैक्ट्री में 24000 ट्रैक स्लैब की व्यापक स्टैकिंग क्षमता है। इससे उत्पादित स्लैब का व्यवस्थित भंडारण संभव हो पाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे आवश्यकतानुसार निर्माण स्थल पर परिवहन के लिए तैयार हैं। ट्रैक स्लैब के निर्माण में शामिल इंजीनियरों ने ट्रैक स्लैब के निर्माण की शुरुआत से पहले जापान में अपनाई जाने वाली प्रथाओं के आधार पर जापानी विशेषज्ञों की देखरेख में प्रशिक्षण और प्रमाणन पाठ्यक्रम लिया है।

## निगम अमले ने सुभाष नगर क्षेत्र में अवैध निर्माणों तथा सेकेण्ड स्टॉप क्षेत्र की अवैध झुग्गियों को हटाया



भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर अवैध रूप से लगाये गए ठेले, अस्थाई दुकानें, गुमठी, गन्ने की चरखी, टेंट आदि हटाने की कार्यवाही की साथ ही सुभाष नगर क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित दुकानें व कमरा तोड़ने व सेकेण्ड स्टॉप क्षेत्र में झुग्गियों को हटाने की कार्यवाही की तथा कंडम वाहनों को भी हटाया और ठेले, कैरेड, पाईप, बैग, पान पार्लर, टेबिल आदि जप्त किए। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को टी.टी.नगर दशहरा मैदान, जहांगीराबाद चरक अस्पताल, मुर्गी बाजार, शब्बन चैराहा, एम.पी.नगर जोन-01 एवं 02, पीरगेट चैकी, दाता कालोनी, एयरपोर्ट रोड, कोलार मंदाकिनी चैराहा, आपूर्ति के सामने, लिंक रोड नं. 01,02 एवं 03, कोटरा, नेहरू नगर, न्यू मार्केट, बेतवा अपार्टमेंट, सेकेण्ड स्टॉप, सुभाष नगर, सुभाष नगर खेल मैदान, इकबाल मैदान, मोती मस्जिद, कोलार डीमार्ट, सर्वधर्म, चूना भट्टी, इंद्रपुरी, जेके रोड आदि क्षेत्रों में अवैध रूप से लगाई गई फल, फ्रूट आदि की दुकानें, गन्ने की चरखी, गुमठी, कंडम वाहन, टेंट आदि को हटायानिगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने भवन अनुज्ञा शाखा की कार्यवाही में सहयोग करते हुए सुभाष नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बनीं 03 दुकानें व 01 कमरा जेसीबी मशीन व श्रमिकों के माध्यम से तोड़ा तथा सेकेण्ड स्टॉप क्षेत्र से 02 झुग्गियां भी हटाई साथ ही शहर की सुन्दरता बिगाड़ने वाले कटआउट भी हटवाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी साथ ही पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट के लांजी में रानी अवंती बाई की प्रतिमा का अनावरण किया।

## 01825/01826 ग्वालियर-इंदौर परीक्षा विशेष अनारक्षित ट्रेन

### भोपाल मंडल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु ग्वालियर से इंदौर एवं इंदौर से ग्वालियर के बीच परीक्षा विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी।

**गाड़ी संख्या 01825 ग्वालियर-इंदौर परीक्षा विशेष ट्रेन ( 13 ट्रिप्स )**

गाड़ी संख्या 01825 ग्वालियर-इंदौर परीक्षा विशेष ट्रेन दिनांक 01 मार्च से 11 मार्च 2025 एवं 16 मार्च, 17 मार्च 2025 को ग्वालियर स्टेशन से दोपहर 13.00 बजे प्रस्थान कर, शाम 17.00 बजे बीना, रात 19.30 बजे संत हिरदाराम नगर और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन 02.00 बजे इंदौर स्टेशन पहुंचेगी।



**गाड़ी संख्या 01826 इंदौर-ग्वालियर परीक्षा विशेष ट्रेन ( 13 ट्रिप्स )**

गाड़ी संख्या 01826 इंदौर-ग्वालियर परीक्षा विशेष ट्रेन दिनांक 02 मार्च से 12 मार्च 2025 एवं 17 मार्च, 18 मार्च 2025 को इंदौर स्टेशन से शाम 19.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.15 बजे संत हिरदाराम नगर, सुबह 03.00 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए सुबह 10.15 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी।

**हाल्टः**

इस विशेष ट्रेन का ठहराव ग्वालियर, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ललितपुर, बीना, संत हिरदाराम नगर, उज्जैन, इंदौर पर होगा।

**कोच संरचनाः** इस विशेष ट्रेन में 12 सामान्य श्रेणी डिब्बों सहित कुल 14 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indian-rail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## शादी की अनोखी पत्रिका, विवाह संस्कार के साथ सात वचनों को भी समझाया, यह संदेश भी दिया



उज्जैन (ए.)। चिरंजीव आदेश निवासी भोपाल और सौम्या निवासी रायसेन के विवाह समारोह की परिणय पत्रिका इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। इस विवाह पत्रिका के वायरल होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि यह अन्य पत्रिकाओं से कुछ भिन्न है। इसमें शादी समारोह के आयोजनों के साथ ही सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से समझाया गया है। चाहे वह माटी पूजन हो, गणेश पूजन, हल्दी मंडप, माता पूजन हो या फिर विवाह संस्कार, इस परिणय पत्रिका में शादी के सभी वचनों को अच्छे तरीके से समझाया गया है। इसके माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया है कि विवाह समारोह में की जाने वाली इन रस्मों का आखिर क्या अर्थ है।

**परिणय पत्रिका में यह भी है खास**

वैसे तो यह पूरी परिणय पत्रिका ही विशेष है, लेकिन इसमें तुलसीदास द्वारा 600 साल पहले तैयार की गई एक गाइड भी प्रकाशित की गई है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। इस पत्रिका में रामचरित मानस के श्लोकों के माध्यम से हर समस्या का समाधान मिलने की बात कही गई है। इसके साथ ही, पूरे वर्षभर में आने वाले विशेष तीज-त्यौहार, मैजिक कैलेंडर, दिन-रात के चौघड़िया और रक्तदान महादान का संदेश भी दिया गया है।

## सिंगरौली में नर्स ने खुद को आग लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



सिंगरौली (ए.)। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले एक 22 साल की नर्स ने घर के एक कमरे में खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। धुआं उठता देख पास में मौजूद युवती के माता-पिता मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर बेटी को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के विन्ध्यनगर थाना क्षेत्र के जयंत विन्ध्यनगर मार्ग में स्थित अभेद आश्रम के पास रहने वाली 22 वर्षीय पूजा कुशवाहा जो एनसीएल के नेहरू अस्पताल जयंत में नर्स के पद पर कार्यरत थी। शनिवार को उसने अज्ञात कारणों से अपने ही रूम में आग लागकर खुद को आग के हवाले कर दिया। जैसे ही घर से धुआं निकलने लगा, घर के पास के खेत मे काम कर रहे उसके माता पिता पहुंचे और दरवाजा तोड़कर देखा तो वह भी दंग गए। आग में जलकर पूरी से तरह से खाक हो चुकी अपनी बेटी को देखकर सहम गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नर्स ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसे लेकर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# पांच माह में जलेगा यूका का 336 टन कचरा, फिर राख होगी होगी लैंडफील

इंदौर (ए.)। पीथमपुर में दस दिन में तीन टन कचरे जलकर राख होगा। पहले दिन वातावरण में तय मानकों के हिसाब से ही गैसों का उत्सर्जन हुआ। कचरे के निपटन के दौरान वातावरण पर नकारात्मक असर देखने को नहीं मिला। इसके चलते अब 30 टन के बाद में कचरे को जलाने का सिलासिला जारी रहेगा। संभागायुक्त दीपक सिंह ने इसकी पुष्टि की है। 337 टन कचरे को जलाने के लिए चार से पांच माह का समय लगेगा।

भोपाल से लाए गए यूनियन कार्बाइड के कचरे में सेविन रेसिड्यू नेप्थाल, सेमीप्रोसेस्ड पेस्टीसाइट और परिसर की मिट्टी लाई गई है। पांचों अपशिष्टों को रखा गया है। पांचों अपशिष्ठ को मिलाकर कुल मात्रा 10 टन जलाई जाएगी।



पहले दिन जलाए गए कचरे से उत्सर्जित कार्बनमोनो आक्साईड, कार्बनडाई आक्साईड हाईड्रोजन फ्लोराईड, हाईड्रोजन क्लोराईड, सल्फरडाई ऑक्साईड, नाईट्रोजन ऑक्साईड की मात्रा की जांच की गई है। प्रदूषण मंडल ने तय मानकों से गैसों का उर्त्सजन काम होना पाया है।

**हर घंटे चल रहा 135 किलोग्राम कचरा**

रामकी के कचरा भस्मक में हर घंटे 135 किलो यूका कचरा जल रहा है। 800 से 1200 डिग्री तापमान बरकार रखने के लिए हर घंटे 600 लीटर डीजल की खपत पहले दिन आई है। 9-9 किलो के 30 बैगों को दहन कक्षों में डाला जा रहा है। इसके बाद जो राख बचेगी, उसे परिसर में ही लैंडफील किया जाएगा। इसके लिए खोदे गए खड्डे में विशेष प्रकार की प्लास्टिक बिछाई गई है, ताकि राख के कारण मिट्टी और भूजल प्रभावित न हो।

**तय मात्रा के अनुसार निकल रही गैसें**

कचरा जलाने के दौरान जो गैसें वातावरण में फैल रही है। वह निर्धारित मात्रा से कम उत्सर्जित हो रही है।

## मेडिकल कॉलेज में नवजात बच्चों के इलाज में लापरवाही का आरोप, परिजनों ने किया हंगामा और तोड़फोड़

शहडोल (ए.)। शहडोल मेडिकल कॉलेज में नवजातों के उपचार को लेकर लापरवाही के दो मामले सामने आए हैं, जिसको लेकर परिजनों ने हंगामा किया और तोड़फोड़ कर दी। वहीं दोनों मामलों पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि बीती रात चार दिन के नवजात की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए तोड़फोड़ कर दी। वहीं, दूसरे दिन भी नवजात के उपचार में कोताही की बात को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। दोनों ही मामले की शिकायत सोहागपुर थाने तक पहुंची है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार अमलाई क्षेत्र के झगरहा गांव से केवट परिवार द्वारा चार दिन के नवजात को लाकर 24 फरवरी को मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया था।

### फसल कटाई करने जा रहे मजदूरों से भरा पिकअप वाहन पलटा, महिला की मौत, 20 घायल

दमोह (ए.)। दमोह जिले के रनेह-पटेरा मार्ग पर मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और 20 से अधिक मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। दूसरी घटना दमोह-छतरपुर हाईवे पर हुई, जहां एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे पांच मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

## बोर्ड परीक्षा में तख्ती ले जाने पर प्रतिबंध, अभिभावक बोले- डेस्क खराब हुई तो बच्चे लिखेंगे कैसे ?



दमोह (ए.)। बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए दमोह प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है। छात्रों को परीक्षा केंद्र के अंदर तख्ती लेकर जाने की अनुमति भी नहीं दी जा रही। जिले के तेंदूखेड़ा में कुछ अभिभावकों ने इस नियम का विरोध किया है। उनका कहना है कि यदि डेस्क खराब हो तो बच्चे कॉपी में कैसे लिखेंगे ? वहीं, केंद्र अध्यक्ष का कहना है कि वे निर्देशों का पालन कर रहे हैं।

दरअसल, बोर्ड परीक्षा के दौरान बारहवीं कक्षा के दूसरे पेपर में कुछ अभिभावकों ने केंद्र प्रभारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि वे उन सामग्रियों को भी प्रतिबंधित कर रहे हैं, जिनका नकल से कोई लेना-देना नहीं है। यह मामला बारहवीं कक्षा के पहले पेपर में भी सामने आया था और अब दूसरे पेपर में भी यही स्थिति बनी। अभिभावकों की शिकायत के बाद सीएम राइज स्कूल के केंद्र प्रभारी ने बताया कि कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक में तख्ती पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश मिले थे, इसलिए इसे लागू किया गया है।

**कमजोर डेस्क बनी परेशानी**

शुक्रवार को परीक्षा के दौरान एक डेस्क कमजोर थी और हिल रही थी। छात्राओं ने इसकी शिकायत शिक्षकों से की, जिसके बाद डेस्क को ठीक किया गया, लेकिन इस दौरान उनका 10-15 मिनट का समय खराब हो गया।

## चंबल में बदमाशों का आतंक, ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर युवक की हत्या, गुस्साए लोगों ने किया हाईवे जाम

मुरैना (ए.)। चंबल के सिलायथा गांव में बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। घटना के बाद घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की वजह पुराना विवाद बताया जा रहा है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे 20 किमी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

बता दें चंबल में बदमाशों का आतंक जोरो पर है। सिलायथा गांव में शुक्रवार रात बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। हत्या करने वाला उस इलाके का बदमाश है। वह अपने साथियों के साथ आया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। घटना के बाद बदमाश श्याम गोगाई और उसके साथी फरार हैं। हत्या की वजह पुराना विवाद बताया जा रहा है। मरने वाले युवक का नाम ध्रुव यादव है। वह खेती-किसानी करता था। घटना ने नाराज लोगों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। इससे 20 किमी तक वाहनों की कतारें लग गईं। लोग एसपी समीर सौरभ को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। उनकी जगह जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव पहुंचे।

## कुत्ते की बफादारी ऐसी... मालिक को बचाने बाघ से भिड़ गया पालतू जर्मन शेफर्ड, इलाज के दौरान मौत



उमरिया(ए.)। उमरिया जिले के विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे भरहुत गांव में एक पालतू कुत्ते ने स्वामिभक्ति और बहादुरी की अनोखी मिसाल पेश की। भरहुत गांव का युवक शिवम बड़गैया अपने पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ते के साथ घर के बाहर टहल रहा था, तभी अचानक जंगल से एक बाघ गांव में घुस आया और शिवम पर हमला करने के लिए झपटा।

हालात को भांपते हुए जर्मन शेफर्ड ने अपनी जान की परवाह किए बिना बाघ का सामना किया। वह जोर-जोर से भौंकने लगा, जिससे बाघ कुछ देर के लिए स्तब्ध हो गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद बाघ ने युवक को छोड़कर कुत्ते की ओर दौड़ लगा दी। कुत्ते ने बहादुरी दिखाते हुए बाघ से लड़ने की पूरी कोशिश की, लेकिन बाघ ने उसे जबड़े में दबाकर गांव के बाहर तक घसीट लिया।

## बदला लेने के लिए युवक को लाठी-डंडों से पीटा, शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में मारपीट



गुना (ए.)। गुना में एक युवक के साथ सरेआम लाठी-डंडों और जूतों से मारपीट का मामला सामने आया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दे रही है। गल्ला मंडी निवासी अभिषेक धाकड़ पिता बनवारी लाल धाकड़ ने बताया कि वह अपने दोस्त सतीश धाकड़ के साथ कपड़े खरीदने नेहरू पार्क जा रहा था। तभी घोसीपुरा की पुलिया के पास दिलीप धाकड़ निवासी भडली अशोकनगर अपने साथियों के साथ कार से आया और उसका रास्ता रोक लिया।

दिलीप ने अभिषेक से तौलिया हटाकर चेहरा दिखाने को कहा। जैसे ही अभिषेक ने चेहरा दिखाया, दिलीप और उसके साथियों ने अचानक लात-घूंसों और डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी।





## इस सप्ताह 1,036 रुपए सस्ता हुआ सोना, चांदी भी 3,667 रुपए फिसली

नई दिल्ली (ए.)। देश भर में इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 22 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 86,092 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 1 मार्च को घटकर 85,056 रुपए हो गया। इस हफ्ते सोने के दाम में 1,036 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। पिछले शनिवार को चांदी 97,147 रुपए प्रति किलो थी, जो अब 3,667 रुपए घटकर 93,480 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो के सार्वजनिक स्तर को छुआ था। वहीं दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,770 रुपए, मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,620 रुपए, कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 86,620 रुपए और चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,620 रुपए है। वहीं इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 8,894 रुपए बढ़कर 85,056 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 7,463 रुपए बढ़कर 93,480 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# नए आरबीआई गवर्नर के रुपये पर लचीले रुख से 2025 में घरेलू करेंसी 1.8% टूटा, यूबीआई की रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय मुद्रा के प्रबंधन में आरबीआई की ओर से किए गए नीतिगत बदलावों ने डॉलर के मुकाबले रुपये को कमजोर किया है। डॉलर की तुलना में रुपये में 2025 के पहले दो महीनों में 2024 में हुए मूल्यह्रास की तुलना में आधे से अधिक की गिरावट आ चुकी है। 28 फरवरी तक रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1.8 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। यह गिरावट इससे पहले 2023 में आई 1.5 प्रतिशत की गिरावट से अधिक है और 2024 में दर्ज तीन प्रतिशत की कमजोरी का लगभग आधा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

**आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख से रुपये में गिरावट : रिपोर्ट**

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख में बदलाव को रुपये में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मल्होत्रा की अगुवाई में केंद्रीय बैंक ने अधिक लचीले रुपये के लिए विकल्प खुला छोड़ रखा है। आरबीआई रुपये को स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ने की अनुमति दे रहा है। जबकि पूर्व आरबीआई गवर्नर दास ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को बहुत स्थिर रखने का समर्थन किया था, इससे भी रुपये पर दबाव पड़ रहा है।

**अमेरिकी व्यापार नीति से बाजार में अनिश्चितता बढ़ी**


व्यापार युद्ध के जोखिमों के बढ़ने और अमेरिकी व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता ने बाजार की



चिंताओं को जन्म दिया है। वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बारे में निवेशकों की चिंता के कारण रुपया, अन्य एशियाई मुद्राओं के साथ दबाव में आ गया है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा नीतिगत बदलाव ने भी रुपये को प्रभावित किया है।

**नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा का रुपये पर रुख अधिक लचीला**

नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अधिक लचीला रुख अपनाया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय बैंक रुपये को अन्य उभरते बाजार मुद्राओं के साथ स्वतंत्र रूप से चलने की अनुमति देगा। यह पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के रुख से अलग है, जिन्होंने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले स्थिर रुपये को प्राथमिकता दी थी। पदभार ग्रहण करने के बाद से, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कई व्यापार शुल्क घोषणाएं की हैं। उनका पहला कदम कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाना था, जिसे 30 दिनों की देरी से लागू किया गया, लेकिन फिर भी 3 फरवरी को रुपया 87.00 के स्तर को पार कर गया।



## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 26 पैसे गिरकर 87.46 पर बंद हुआ। वहीं सुबह रुपया 87.37 पर खुला। वहीं गत दिवस गुरुवार को रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ ही 87.20 पर बंद हुआ। ये कारोबार में 22 पैसे टूटकर 87.41 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के नए शुल्क की घोषणाएं करने से वैश्विक बाजारों में हलचल मच गई है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.26 प्रति डॉलर पर खुला और फिर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.41 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया मंगलवार को 47 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.19 पर बंद हुआ। वहीं बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद थे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की बढ़त के साथ 106.62 पर रहा।

## GST : जीएसटी संग्रह से सरकार हुई मालामाल, फरवरी में खजाने में आए 1.84 लाख करोड़ रुपए

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में सकल जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जीएसटी संग्रह बढ़ने के पीछे की वजह घरेलू लेनदेन के कारण मिला अधिक राजस्व है।

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में घरेलू राजस्व में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.42 लाख करोड़ रुपये और आयात से राजस्व में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 41,702 करोड़ रुपये शामिल हुए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, इस महीने के दौरान केंद्रीय जीएसटी से 35,204 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 43,704 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 90,870 करोड़ रुपये और क्षतिपूर्ति उपकर से 13,868 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

फरवरी के दौरान जारी किए गए कुल रिफंड 20,889 करोड़ रुपये था, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 17.3 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2025 के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया। फरवरी 2024 में सकल और शुद्ध जीएसटी राजस्व क्रमशः 1.68 लाख करोड़ रुपये और 1.50 लाख करोड़ रुपये थे

## सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही

**- सेंसेक्स 1,414 अंक गिरकर 73,198.10 पर बंद**
**- निफ्टी भी 420 अंक गिरकर 22,124.70 पर बंद**

मुंबई (ए.)। उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच अमेरिकी व वैश्विक बाजारों में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महाशिवरत्रि के पर्व के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे, इस दिन बीएसई और एनएसई में कारोबार नहीं हुआ। जिसकी वजह से बीते सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। सोमवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स लगातार पांचवें सत्र के लिए लाल निशान में खुले। सोमवार को बाजार खुलने के बाद सभी क्षेत्रों में बिकवाली देखी गई। इस दौरान सेंसेक्स 733.86 की गिरावट के साथ 74,577.20 पर खुला और 856.65 की गिरावट के साथ 74,454.41 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 222.61 अंक गिरकर 22,573.30 पर खुला और 242.56 अंक फिसलकर 22,553.35 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स हर निशान के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 117.57 अंक बढ़कर 74,571.98 पर खुला और 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 31.3 अंक की उछाल के साथ 22,584.65 पर खुला और 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को महाशिवरात्रि की छुट्टी के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 231.97 अंक चढ़कर 74,834.09 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1300 अंकों से अधिक क्रैश होकर 73,276.50 अंक पर खुला और 1,414.33 अंक गिरकर 73,198.10 के स्तर पर बंद हुआ।

# श्रीलंका को आईएमएफ से राहत पैकेज की चौथी किस्त मिली; पाकिस्तान का कर घाटा बढ़कर 606 अरब हुआ

नई दिल्ली (ए.)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका को 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के लिए अपने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज से 33.4 करोड़ डॉलर की चौथी किस्त जारी करने पर सहमति जताई है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका को 48 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के तहत तीसरी समीक्षा पूरी करने के बाद शुक्रवार को चौथी किस्त जारी करने को मंजूरी दी।

वैश्विक ऋणदाता ने कहा कि वह संकटग्रस्त देश को लगभग 33.4 करोड़ डॉलर जारी करेगा, जिससे कुल वित्त पोषण लगभग 1.3 अरब डॉलर हो जाएगा। आईएमएफ ने कहा कि श्रीलंका ने कार्यक्रम के तहत अच्छा प्रदर्शन किया है।

इस बीच पाकिस्तान का कर घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बढ़कर 606 अरब पाकिस्तानी रुपये (189.45 अरब भारतीय रुपया) हो गया। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ किए गए वादों का उल्लंघन करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बढ़ गया है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को सात अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया है, लेकिन इसके लिए कर संग्रह बढ़ाने सहित सख्त शर्तें लगाईं हैं।

**देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर**

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 फीसदी पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.2 फीसदी और दिसंबर, 2024 में 4.8 फीसदी रही थी।

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 फीसदी, इस्पात 3.7 फीसदी और बिजली उत्पादन 1.3 फीसदी बढ़ा। पिछले साल की समान अवधि में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 फीसदी, 9.2 फीसदी और 5.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। हालांकि, फाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 फीसदी, तीन फीसदी और 14.5 फीसदी पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.4 फीसदी रही। 2023-24 की समान अवधि में इन उद्योगों की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही थी। आठ प्रमुख उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 40.27 फीसदी योगदान है।?

**61,000 करोड़ रुपये तक घट सकता है अमेरिका को निर्यात**

डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ लागू करने पर 2025-26 में अमेरिका को भारत का निर्यात 2 से 7 अरब डॉलर (61,000 करोड़ रुपये) तक घट सकता है। इंडिया रेटिंग ने कहा, अप्रैल से दिसंबर के बीच भारत का निर्यात अमेरिका को 5.57 फीसदी बढ़कर 59.93 अरब डॉलर रहा है। दूसरी ओर, आयात 1.91 फीसदी बढ़कर 33.4 अरब डॉलर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका 2021-22 तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है। भारत के कुल माल निर्यात में इसका योगदान लगभग 18 फीसदी, आयात में 6 फीसदी से अधिक और द्विपक्षीय व्यापार में लगभग 11 फीसदी रहा है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर

धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वायत्त प्रशासनिक एजेंसियों का कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। प्रयागराज में गंगा जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर है। इसमें मुख्य मुद्दा पर्यावरण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने वाली भारत की सर्व-प्रमुख एजेंसी की केंद्रीय और उत्तर प्रदेश इकाई के बीच मतभेद का है। प्रश्न है कि ये एजेंसियां सभी स्तरों पर स्वायत्त ढंग से काम करती हैं, या ये सत्ताधारी दलों के सियासी एजेंडे से प्रभावित भी हो जाती हैं? स्वागतयोग्य है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इसे गंभीरता से लिया है और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) से जवाब तलब किया है। पूछा है कि क्या यूपीपीसीबी की गंगा जल की स्वच्छता संबंधी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के निष्कर्षों के विपरीत थी। सीपीसीबी लगातार पांच दिन के नमूनों की जांच के बाद इस नतीजे पर पहुंचा कि संगम का पानी पीने और नहाने योग्य नहीं है। फिर भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि ये पानी नहाने और आचमन दोनों के योग्य है।

इसके पक्ष में उन्होंने यूपीपीसीबी की रिपोर्ट का हवाला दिया। अब एनजीटी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट की रोशनी में यूपीपीसीबी से जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

सीपीसीबी के मुताबिक कई स्थानों पर गंगा में फेकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मान्य स्टैंडर्ड से 1400 गुना और यमुना में 660 गुना ज्यादा मिला। 19 जनवरी को तो हर 100 मिलीलीटर में ये मात्रा सात लाख अधिकतम संभव संख्या (एमपीएन) तक पहुंच गई, जबकि इसे 500 के अंदर होना चाहिए। इस रूप में संगम का पानी नहाने योग्य जल के लिए तय प्रतिमान पर खरा नहीं उतरता। तो जाहिर है, लोगों ने वहां अपनी सेहत के लिए भारी जोखिम लेकर स्नान किया। धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वायत्त प्रशासनिक एजेंसियों का कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। कोई सरकार अपने सियासी तकाजों के तहत इससे मुंह मोड़ भी रही हो, तो एजेंसियों को ऐसा कतई नहीं नहीं करना चाहिए। आशा है, इस मामले में एनजीटी बिना किसी दबाव से प्रभावित हुए बेहतरीन मिसाल कायम करेगा।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन के अवसर पर पटना में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बधाई दी गई।

# कांग्रेसजनों को अनुशासित कर पायेंगे हरीश चौधरी ?

**अरुण पटेल**

2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कांग्रेस के तेजी से खिसकते जनाधार को लेकर उसका चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि यहां पर उसका मजबूत जनाधार रहा है और भाजपा व कांग्रेस के बीच मतों का अन्तर भी कुछ अपवादों को छोड़कर काफी कम रहता आया है। इस समय लोकसभा में कांग्रेस का मध्यप्रदेश से कोई सांसद नहीं है। दो चुनावी पराजयों ने उसे आत्मावलोकन के लिए संभवत: मजबूर कर दिया है और यही कारण है कि प्रदेश में प्रभारी में भी अचानक बदलाव कर दिया गया है और राजस्थान के कांग्रेस नेता हरीश चौधरी को अब यह जिम्मेदारी दी गयी है कि वह मध्यप्रदेश में सूखती कांग्रेस की जमीन को हरा-भरा व उर्वरा करें, हालांकि यह आसान काम नहीं है क्योंकि केन्द्र व राज्य दोनों में ही भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं और मध्यप्रदेश तथा देश में उसका मजबूत संगठन है। चूंकि यहां डेढ़ साल के अंतराल को छोड़कर 2003 से भाजपा की ही सरकार रही है इसलिए देखने वाली बात यही होगी कि क्या हरीश चौधरी यहां कुछ गुल खिला पायेंगे और कांग्रेसजनों को अनुशासित करने में वे कितने सफल होंगे।

बतौर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक में कहा है कि अनुशासन उनकी पहली प्राथमिकता होगी क्योंकि संगठन को मजबूत बनाना है, इसके लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। प्रदेश प्रभारी बनाये जाने के बाद अपने पहले राजधानी प्रवास में उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों और राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्यों से अलग-अलग चर्चा की, यह चर्चा लगभग चार घंटे तक चली। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे प्रदेश के लिए एक छात्र की तरह हैं, उन्हें यहां के बारे में कुछ भी पता नहीं, पार्टी प्रदेश के लिए जो भी तय करेगी उसका अनुसरण करेंगे। प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच सहयोगी की भूमिका में रहूंगा और मिशन मध्यप्रदेश के लिए काम करुंगा। उन्होंने अपने इस इरादे को भी साफ कर दिया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए लगातार प्रदेश में प्रवास करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि मैं नेहरुवादी हूं, मेरे शब्द व मेरी समझ में कोई अन्तर नहीं है। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि कांग्रेस को खंड-खंड करें, लेकिन ऐसा नहीं हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री द्वय कमलनाथ और दिग्विजय सिंह तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे अरुण यादव नहीं आये, लेकिन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, कांतिलाल भूरिया, सज्जन सिंह वर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की।

**काम के पदाधिकरी बना पायेंगे हरीश ?**

हरीश चौधरी ने अपने प्रवास में इस बात पर जोर दिया कि पदाधिकारी नाम के नहीं बल्कि काम के होने चाहिए। चुनाव और सत्ता में आने पर आगे-आगे जो लोग नजर आते हैं वे अक्सर संघर्ष के दिनों में गुम हो जाते हैं। अब ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाये और आगे बढ़ाया जाये जो पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित हैं और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहते हैं। कहने और सुनने में यह बात बड़ी अच्छी लगती है लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा, क्योंकि अनेक कांग्रेस नेताओं की अपनी-अपनी ढपली और अपना-अपना राग है, इन सभी को एक सुर में बांध पाना हरीश चौधरी के लिए कहां तक संभव होगा यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि 18 साल से अधिक के सत्ता के सूखे ने अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी सुविधानुसार नए रिश्ते बनाने का रास्ता दे दिया था। ऐसे लोगों को फिर से हरीश चौधरी कैसे राह पर लाते हैं यही उनकी नेतृत्व क्षमता की कसौटी होगी। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया है। चुनावी राजनीति में वही पार्टी और उम्मीदवार बाजी मार लेता है जिसकी बूथों पर मजबूत पकड़ होती है। जिले के प्रभारियों व जिला अध्यक्षों के साथ भी चौधरी ने चर्चा की और उनसे संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। हरीश चौधरी का इस बात पर विशेष जोर था कि सरकार की जन-विरोधी नीतियों के विरुद्ध जन-आंदोलन किया जाये और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाया जाये। यह भी निर्णय किया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक जिले व विकासखंड स्तर पर आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठायेंगे और सरकार की असफलताओं को उजागर करेंगे। यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता और मैदान से कटकर नेताओं के ड्राइंग रुम तक अपने को सीमिति कर लिया है। चौधरी का कहना था कि महंगाई, बेरोजगारी, किसान और आदिवासी हितों, महिला सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर आने वाले दिनों में आंदोलन किए जायेंगे। जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को मजबूती से रखा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना था कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

**और यह भी**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी जिलों मे दौरा करके पार्टीजनों से सीधा संवाद करेंगे और हालात का जायजा लेंगे। प्रवास के दौरान बूथ स्तर पर बैठकें होगी, जिनमें कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर संगठन की नब्ज टटोली जायेगी। विधानसभा स्तरीय बैठकें भी होंगी जिनमें पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी हिस्सा लेंगे जिनसे जिलों में संगठन की गतिविधि को लेकर फीडबैक लिया जायेगा। इसके निष्कर्ष ही जिला व ब्लाक इकाइयों में प्रस्तावित परिवर्तन का आधार बनेंगे। देखने वाली बात यही होगी कि क्या पूरी पारदर्शिता के साथ हरीश चौधरी अपने काम और इरादों को अंजाम दे पायेंगे।

# गृहमंत्री शाह और कैलाश विजयवर्गीय की स्टेट हैंगर पर हुई परस्पर भेंट आई चर्चा में

नितिनमोहन शर्मा

**-मायने तलाशती एक मुलाकात**
**-शाह से विजयवर्गीय की एकांत बातचीत ने प्रदेश में बढ़ाई राजनीतिक जिज्ञासा**
**-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन पर आए शाह को लौटते वक्त अचानक याद आये कैलाश**
**-शाह बिदा होते होते रुके, विजयवर्गीय को फोन कर बुलाया, सीहोर से लौटकर विमानतल पहुँचे कैलाश**
**-प्रदेश अध्यक्ष की चल रही कसरत के बीच शाह-विजयवर्गीय मुलाकात अहम**
**-सीएम से रिश्तों से लेकर सरकार से फिर संगठन में विजयवर्गीय के लौटने से जुड़ी मुलाकात**

शाह और विजयवर्गीय के बीच की आत्मीयता किसी से छुपी नही हुई हैं। ये आत्मीयता आज कल की भी नही। ये शाह के गुजरे गुजरात दौर के वक्त से जुड़ी हुई हैं। उस कठिन दौर का रिश्ता अब अनुकूल हालातों में भी उसी गर्मजोशी से निभाया जा रहा हैं, जैसा बुरे दौर में था। ये विजयवर्गीय के 10 बरस दिल्ली में गुजरने से स्पष्ट भी होता हैं। जितने वक्त प्रदेश की सत्ता ने विजयवर्गीय को दूर रखा, उतने ही वक्त इसी रिश्ते ने दिल्ली में विजयवर्गीय को बनाये रखा। कद बनाये व बढ़ाए रखा। उसी आत्मीयता की एक झलक स्टेट हैंगर पर झलक आई और खबरों का बाज़ार गर्म हो गया। अमित शाह ने विजयवर्गीय को स्टेट हैंगर पर बुलाया और अकेले में बात की...इस एक लाइन ने प्रदेश में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बराबर की चर्चा पा ली है। सब तरफ उस 20 मिनट के चर्चे है, जो दोनों नेताओं ने बन्द कमरे में गुजारे। मुलाकात हुई, कुछ बात हुई, ये बात किसी से न कहना कि तर्ज पर दर्ज हो गई। लेकिन् इस ख़ामोश मुलाकात ने प्रदेश भाजपा की राजनीतिक गलियारों में शोर बहुत मचा रखा हैं। दो दिन होने आए मुलाकात के लेकिन् शोर खत्म होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा हैं।

...तिजारती मेल-मुलाकात वाले समागम और माहौल में हुई एक राजनीतिक मुलाकात पूरे निवेश कुंभ पर भारी पड़ गई। राज्य में कितना निवेश आया, कितने प्रस्ताव बने, किस सेक्टर में निवेशकों ने रुचि दिखाई, इससे ज़्यादा चर्चा इस राजनीतिक मुलाकात की हो रही हैं। जबकि समिट का अगला दिन, निवेश की चर्चाओं का रहता है लेकिन मध्यप्रदेश में इसके उलट राजनीतिक चर्चाओं का बाज़ार गर्म हो गया। निवेश कुंभ के समापन और इस मुलाकात को हुए दो दिन हो गए, पर इस पर चर्चा, कयास, समीकरण 25 से 27 फ़रवरी तक यथावत हैं। कुछ ठोस फ़िर् भी सामने नही आ रहा हैं। लेकिन मायने तलाशती इस मुलाकात ने प्रदेश भाजपा के अंदर चल रही उठापटक का खुलासा तो कर ही दिया हैं। ये भी साफ़ कर दिया कि , सरकार के रिश्ते अपने अधीनस्थों से वैसे नही, जैसे गर्मजोशी से पूर्व हुआ करते थे।

मायने तलाशती ये मुलाकात देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई थी। ये मुलाकात सामान्य न थी। लिहाजा चर्चा में हैं। मुलाकात के तौर तरीकों ने इसे चर्चा में ला दिया। ये मुलाकात ऐसे समय हुई जब शाह, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन सत्र को खत्म कर भोपाल से बिदा ले रहे थे। विमानतल पर पहुँचे वे तो उन्हें बिदा करने आये नेताओ में विजयवर्गीय नजऱ नही आये। जबकि वे समिट मंच पर थे। स्टेट हैंगर पर निवेश से जुड़े महकमे के वरिष्ठ मंत्री को न पा कर गृहमंत्री ने विजयवर्गीय का पूछा। उन्हें ये तो बताया गया कि वे इंदौर के लिए निकल गए लेकिन शाह को ये नही बताया कि उनका नाम बिदा करने वाले नेताओं की लिस्ट में नही था। जबकि शाह के आगमन पर स्वागत वाली लिस्ट में विजयवर्गीय का नाम मौजूद था। लिहाज़ा वे भी आगमन के वक्त मौजूद थे।

गृहमंत्री शाह ने फोन कर विजयवर्गीय को बुलावा भेजा। तब तक विजयवर्गीय बैरागढ़ को पार कर सीहोर के रास्ते आ पहुँचे थे। तुरंत वे लौटे ओर सीधे स्टेट हैंगर पहुँचे जहां शाह उनका इंतजार कर रहें थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 20 मिनिट बातचीत हुई और वह भी एकांत में। बस इसी एकांत की खामोश मुलाकात ने, मुलाकात खत्म होते ही ऐसा शोर मचाया...जो आज तक खत्म नही हुआ। जबकि नेताओ की तरफ़ से इसे हमेशा की तरह सामान्य मेल मुलाकात करार दिया लेकिन् प्रदेश की राजनीति के जानकारों के दिल मे इत्ते से जवाब से करार नही आ रहा। वे इस मुलाकात के एक नही अनेक मायने निकाल रहे हैं।

इस मुलाकात को कुछ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व नगरीय प्रशासन मन्त्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच चल रहे शीत युद्ध से जोड़ रहें हैं कि दोनों के बीच अब रिश्ते उस्ताद-चेले जैसे नही रहें। लेकिन् इस कयास को चित्रकूट समिट के कारण बल नही मिल रहा। क्योंकि इस तरह की सुलह जाजम साल की शुरुआत में रामजी की नगरी में बिछ चुकी थीं। उसके बाद एक तरह से सब सामान्य है भी। कुछ न इस मुलाकात को प्रदेश भाजपा में अध्यक्ष पद पर बदलाव से जोड़ा। क्योंकि प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष सन्निकट हैं, लिहाज़ा इस बात को बल मिला भी। लेकिन् इसे भी ये कहते ख़ारिज कर दिया कि इसके लिए स्टेट हैंगर जैसा स्थान और घर लौटते नेता को वापस बुलाया नही जाता। ऐसे मसले फ़ोन पर भी निपट जाते हैं।

मुलाकात के मायने विजयवर्गीय के पुनः संगठन में लौट जाने से भी जोड़े जा रहें हैं। लेकिन् कैलाश की बॉडी लेंग्वेज इशारा नही कर रही है कि वे सत्ता से किनारा करने जा रहें हैं। न प्रदेश के अभी राजनीतिक हालात कोई चुनावी है जो वे संगठन को पकड़ ले, सत्ता त्याग दे। सरकार से उनके रिश्ते कम ज्यादा हो सकते है लेकिन् सरकार में उनका रुतबा तो कायम ही है और रहना भी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष की चल रही रेस तक से जाकर इस मुलाकात को जोड़ा गया। लेकिन् इस बात को बल इसलिए नही मिल रहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन में कुछ हटकर व बड़ा करने का मन बना हुआ हैं और वह उत्तर नही, दक्षिण की तरफ़ देख रही हैं। ऐसे में फिर से हिंदी पट्टी को अध्यक्षी का पट्टा मिले, संभावनाएं कम नजऱ आ रही हैं। हा, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई टीम का हिस्सा होना इसमे शामिल नही हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। गौ सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्तों में चल रही अनबन से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज जीवनसाथी को सरप्राइज देने के लिए ज्वेलरी खरीदने जा सकते हैं। परिवार में बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखें। लवमेट घूमने का प्लान बनायेगे।

धनु राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। सोशल वर्क कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं आपके रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी। सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है। जल्द सफलता मिलने के योग है।

मकर राशि: आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है । आज आपकी महत्वाकांक्षा को काफी बल मिलेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी।

# क्या भाजपा एक नए क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है

रंजन श्रीवास्तव

क्या भाजपा वर्ष 2029 में होने वाले लोक सभा चुनावों से पहले किसी बड़े क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है जो खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के खोये हुए जनाधार को फिर से वापस ले आए और मध्य प्रदेश में पार्टी के जनाधार को मजबूती से बनाये रख सके। देखना यह है कि 2029 के चुनावों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम फेस बने रहते हैं या नहीं पर दोनों ही परिस्थितियों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मन में 2024 के परिणाम पीछा करते रहेंगे जबकि भाजपा उत्तर प्रदेश में 63 सीट से नीचे आकर 33 सीट पर सिमट गयी और 400 पार के नारे के बावजूद 240 सीट पर सिमट गयी। पार्टी का उत्तर प्रदेश में अंकगणित खराब हुआ इस बात के बावजूद कि भाजपा यहाँ डबल इंजन के सरकार की बात लगातार करती रही और योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व ब्रांड के एक प्रमुख चेहरा बने रहे। यह सोचना कि भाजपा 2029 के चुनावों में हिंदुत्व के नैरेटिव पर चुनाव नहीं लड़ेगी महज एक अकादमिक चर्चा के लिए तो ठीक है पर वास्तविकता में ऐसा होगा नहीं। इसके बावजूद भी पार्टी नहीं चाहेगी कि उत्तर प्रदेश में वही परिणाम दुहराए जाएँ जो परिणाम 2024 में आए थे। 2029 के पहले उत्तर प्रदेश में 2027 में और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2028 में विधान सभा चुनाव होंगे। मगर विधान सभा के परिणाम का इंतज़ार करने के बजाय भाजपा अभी से अपना चुनावी गणित विशेषकर उत्तर प्रदेश में ठीक करने में लगी है। प्रयागराज में महाकुम्भ 144 साल बाद आयोजित हो रहा है यह बात केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के द्वारा प्रचारित किया गया। परिणामस्वरूप पूरे देश से हिन्दुओं की आस्था का सैलाब प्रयागराज की तरफ उमड़ पड़ा। महाकुम्भ में भगदड़ और मौतें और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ और मौतों ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार



दोनों की व्यवस्थाओं पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया पर फिर भी जनता इसको लेकर सरकारों के खिलाफ आंदोलित हो गयी हो ऐसा दिखा नहीं। पर आस्था का सैलाब 2029 में वोटों के अंकगणित में बदल जाए और 400 पार का नारा चरितार्थ हो जाए इस बात पर विश्वास करके पार्टी अपनी चुनावी रणनीति नहीं बना सकती। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व किसी किन्तु परन्तु की बजाय ऐसे ठोस रणनीति पर काम करना चाहेगा या काम कर रहा है जिससे उसे 2029 में पूर्ण बहुमत मिले और चौथी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जदयू या टीडीपी जैसे किसी बैसाखी की जरूरत ना पड़े। इसलिए भाजपा अपने हिंदुत्व की धार को और तेज करना चाहेगी और उसके लिए एक ऐसे चेहरे की जरूरत पड़ सकती है जो पहले से आजमाया हुआ ना हो और हिन्दुओं के बड़े वर्ग में उसकी स्वीकारोक्ति हो। तो क्या अब बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के नए हिंदुत्व आइकॉन या अस्त्र हो सकते हैं? जिस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में जाने का प्रोग्राम बनाया और धीरेन्द्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताते हुए उनपर अपना स्नेह उड़ेला उससे तो यही लगता है कि भाजपा नेतृत्व उनकी बढ़ती हुयी लोकप्रियता को देखते हुए उनसे चमत्कृत है। प्रधान मंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास ही नहीं किया बल्कि वहां एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। अप्रत्यक्ष रूप से प्रधान मंत्री ने धीरेन्द्र शास्त्री के पर्ची निकालने विधा की प्रशंसा तक की । उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री की माताजी से यह कहा कि उनके मन में चल रही बात की पर्ची उनके पास है और वह यह कि वे अपने बेटे की शादी देखना चाहती हैं। इन पक्तियों को लिखे जाने तक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुँच चुकी हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी वहां जा चुके हैं और धीरेन्द्र शास्त्री की प्रशंसा कर चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री अपने मंचों से हिन्दू राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं। भाजपा इसपर अपनी मुहर तो नहीं लगाती पर उसकी चुनावी राजनीति में ऐसे नारे या भाषण उसको सम्बल ही प्रदान करते हैं।

तर्कवादियों की नजऱ में धीरेन्द्र शास्त्री की विधा सिर्फ एक ढोंग है। 2023 में उनके महाराष्ट्र दौरे के दौरान तर्कवादियों ने उन्हें उनकी सिद्धि को साबित करने की चुनौती दी थी। पर धीरेन्द्र शास्त्री वहां से वापस चले आए और दावा किया कि वो मैदान छोड़कर नहीं भागे बल्कि उनकी वहां से वापस आने का प्लान पूर्व निर्धारित था। पिछले वर्ष गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार ) के विरुद्ध उनके द्वारा कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने पर कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया गया था। जाहिर है धीरेन्द्र शास्त्री के बारे में जनता में दो मत है पर फिर भी बहुत से लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मानकर उनके दरबार में जाते हैं और अपनी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री बुंदेलखंड से आते हैं जो उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है। देखना यह है कि आने वाले समय में शास्त्री भाजपा के किसी प्लान का हिस्सा बनते हैं या अपनी भूमिका को गैर राजनीतिक बनाये रखते हैं।



# 8 मार्च 2025 से मणिपुर के सभी मार्गों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए : अमित शाह

इंफाल (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मणिपुर में सुरक्षा स्थिति पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च 2025 से मणिपुर के सभी मार्गों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाए और बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री ने रंगदारी के सभी मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे निर्देश दिया कि मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्दिष्ट प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाना चाहिए। मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्धारित प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशीली दवाओं के व्यापार में शामिल पूरे नेटवर्क को नष्ट किया जाना चाहिए। बैठक नॉर्थ एवेन्यू में सुबह 11 बजे शुरू हुई। राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली ऐसी उच्च स्तरीय बैठक थी,



जो मई 2023 से जातीय संघर्ष से जूझ रहा है।

सूत्रों ने कहा कि यह बैठक अशांत राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने और विभिन्न समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों को आत्मसमर्पण करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आयोजित की गई थी। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। राज्य में समग्र कानून और व्यवस्था की स्थिति पर एक विस्तृत जानकारी दी गई। सूत्रों ने कहा कि बैठक का ध्यान मई 2023 से पहले के स्तर को सामान्य स्थिति में वापस लाने और विभिन्न समूहों द्वारा रखे गए अवैध और लूटे गए हथियारों के आत्मसमर्पण पर था। नई दिल्ली में बैठक में राज्यपाल अजय भल्ला, मणिपुर सरकार और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## केरल में छात्रों की झड़प में 10वीं क्लास के छात्र की मौत

कोझिकोड, (आरएनएस)। केरल में कोझिकोड के थामारसेरी में छात्रों के बीच एक हिंसक संघर्ष में हायर सेकेंडरी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र की दुखद मौत हो गई. 28 फरवरी को मृतक की कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान सिर में गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई. यह घटना 28 फरवरी को थामारसेरी में एक ट्यूशन सेंटर के पास हुई, जिसमें स्कूल के छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हुई. प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, संघर्ष एक विदाई पार्टी को लेकर हुई थी। विदाई पार्टी के दौरान हुई पिछली घटना के बाद से तनाव बढ़ गया था, जिसके परिणामस्वरूप 28 फरवरी को एक और हिंसक टकराव हुआ, जिसमें मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया. छात्र की मौत से परिजन और स्थानीय समुदाय सदमे और शोक में है। यह घटना तिरुवनंतपुरम के करयावट्टम सरकारी कॉलेज में रैगिंग की हालिया घटना के बाद हुई है. कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच की और पुष्टि की कि रैगिंग हुई थी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के कच्छ जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल धोलावीरा का दौरा किया।

## अनुच्छेद 136 में हस्तक्षेप संकीर्ण माना गया, इससे मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा : धनखड़

नई दिल्ली (ए.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विशेष अनुमति याचिका का प्रावधान एक संकीर्ण रास्ता माना जाता था, लेकिन अब इसके व्यापक इस्तेमाल के कारण मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा है। धनखड़ ने मध्यस्थता मामलों में विशेषज्ञों की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि वाणिज्यिक विवादों से जुड़े जटिल मामलों को निपटाने में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां मध्यस्थता पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने अनुच्छेद 136 के उपयोग एवं मध्यस्थता प्रक्रिया पर इसके प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-136 के तहत हस्तक्षेप को संकीर्ण माना गया था। कुल मिलाकर इसमें सब शामिल हैं कि मजिस्ट्रेट को क्या करना है, सत्र न्यायाधीश को क्या करना है, जिला न्यायाधीश को क्या करना है, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को क्या करना है। संविधान का अनुच्छेद 136 उच्चतम न्यायालय को किसी भी निर्णय या आदेश के विरुद्ध अपील करने के लिए विशेष अनुमति प्रदान करने की अनुमति देता है। इसे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) कहा जाता है।



कुल्लू में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी।

## दिल्ली में महिलाओं के आने वाले हैं अच्छे दिन, इस दिन से मिलना शुरू हो जाएंगे 2,500 रुपये

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली में महिलाओं को 8 मार्च तक भाजपा सरकार के वित्तीय सहायता कार्यक्रम के तहत 2,500 रुपये प्रति माह मिलना शुरू हो जाएगा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इसका संकेत दिया था। यह पहल, जो भाजपा का एक महत्वपूर्ण अभियान प्रतिज्ञा थी, महिलाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इससे पहले, आप सरकार ने महिला सम्मान योजना शुरू की थी, जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक प्रदान किए जाते थे, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की योजना है। दिल्ली महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने, गर्भवती माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने और गरीब परिवारों को उनकी बेटियों की शादी के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पहल के लिए गुरुवार तक प्रस्ताव तैयार करने का



काम सौंपा गया है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि महिला सम्मान योजना को महिला समृद्धि योजना के रूप में पुन: ब्रांडेड किया जा रहा है, जिसके लाभार्थियों को अब प्रति माह 2,500 रुपये मिलेंगे, जो कि AAP सरकार द्वारा पहले वितरित किए गए 1,100 रुपये से एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। भाजपा सरकार ने सबसे पहले लाडली बहना योजना शुरू की, जिसने राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। तब से पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों ने इसी तरह की योजनाएं लागू की हैं जो महिलाओं के खातों में सीधे नकद जमा प्रदान करती हैं। 19 फरवरी को भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गईं रेखा गुप्ता ने महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता को प्राथमिकता देने के निरंतर महत्व पर जोर दिया। दिल्ली चुनावों की अगुवाई के दौरान, AAP ने अपने प्रमुख वादों में से एक के रूप में 2,100 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने का वादा किया था।

## सम्राट चौधरी बोले- लालू परिवार ने बिहार को 15 साल में बनाया खटारा, नीतीश ने दिया तेज विकास



पटना (ए.)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि एक यशस्वी राजनेता को लालू परिवार के गाली देने से उनकी उम्र लंबी हो रही है । वे अभी और 15 साल बिहार की सेवा करते रहेंगे। चौधरी ने कहा कि जैसे 66 करोड़ लोगों को महाकुम्भ आस्था और एकता का सागर दिखा, लेकिन कुछ लोगों को वह फालतू लगा, वैसे ही बिहार में 20 साल में नीतीश सरकार के विकास का शानदार ग्राफ, राजस्व में 15 गुना वृद्धि, 14.5 फीसद की तेज विकास दर और प्रति व्यक्ति आय का 7 हजार बढ़ कर 66 हजार रुपये होना राजद को कबाड़ लग रहा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने 15 साल में बिहार को जर्जर सड़क, अपहरण उद्योग, बिजली-रहित गांव, जातीय हिंसा और 100 से ज्यादा नरसंहार दिये, उनका परिवार आज विकास का चकाचौंध प्रकाश नहीं देख पा रहा है। चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के सफल नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से बिहार ने गरीबी-अशिक्षा-बेरजगारी और अपराध के अँधेरे से निकाल कर तेज विकास के प्रकाश की ओर जो यात्रा शुरू की है, उसे बार-बार जनता का आशीर्वाद मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि 2025 के चुनाव में एनडीए 225 सीटें जीत कर लौटेगा। जनता विकास की लय नहीं टूटने देगी।

## दिल्ली को इस महीने 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी : परिवहन मंत्री पंकज सिंह

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि इस महीने राष्ट्रीय राजधानी को 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। सिंह ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि दिल्ली का परिवहन विभाग वर्तमान में 235 करोड़ रुपये के घाटे में है। मंत्री ने कहा कि सरकार एक योजना पर काम कर रही है और उसका लक्ष्य एक साल के भीतर इस क्षेत्र को मुनाफे में लाना है। सिंह ने कहा, इस महीने हम दिल्ली में 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें लाएंगे। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार में छह कैबिनेट मंत्रियों में शामिल सिंह ने 20 फरवरी को शपथ ली थी। परिवहन, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के मंत्री सिंह ने दिल्ली की परिवहन प्रणाली को जनता के लिए अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सिंह ने कहा, हमें सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को निजी वाहनों पर कम निर्भर रहना पड़े। हमारा पहला कदम दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करना होगा, उसके बाद परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए और सुधार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले छह महीनों में शहर में परिवहन क्षेत्र में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, पहले चरण में हम तत्काल और आवश्यक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। दूसरे चरण में हम सार्वजनिक परिवहन को अधिक कुशल और सुलभ बनाने के लिए प्रमुख परियोजनाएं शुरू करेंगे। आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली के लिए सरकार के दृष्टिकोण के तहत, सिंह ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, दिल्ली में पर्याप्त संख्या में इलेक्ट्रिक बसें नहीं हैं, हम और लाएंगे। उन्होंने कहा, इस महीने 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें आने से सार्वजनिक परिवहन को काफी बढ़ावा मिलेगा, जिससे शहर को स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी।

# दिल्ली के यमुना विहार इलाके में बदमाशों ने की फायरिंग, इलाके में डर का माहौल



नई दिल्ली, (आरएनएस)। उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार इलाके के मकान के बाहर फायरिंग का एक मामला सामने आया है. पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार यमुना विहार में रात करीब 1:05 बजे फायरिंग की घटना हुई. दो अज्ञात लोगों ने घर के बाहर फायरिंग की और स्कूटी पर सवार होकर भाग निकले. मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच टीमें अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए काम कर रही हैं।

पीड़ित ने बताया कि हमारा किसी से कोई झगड़ा या विवाद नहीं है. मुझे नहीं पता कि वे लोग कौन थे, लेकिन वे हमारे घर आए और गेट तोड़ने की कोशिश की. जब वे ऐसा नहीं कर पाए, तो उन्होंने 4-5 गोलियां चलाईं. बच्चे डर गए थे और हम सब डर गए थे. वहीं, उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि गुरुवार रात 1:14 पर यमुना विहार इलाके में फायरिंग की सूचना मिली, सूचना मिलते ही भजनपुरा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. मौके पर एक घर के गेट के पास पुलिस को चार खाली कारतूस मिले. मकान मालिक ने बताया कि उसने घर के बाहर फायरिंग की आवाज सुनी. बाहर आया तो दो युवक उसके घर के बाहर हवाई फायरिंग करते हुए स्कूटी से भाग गए.डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आर्म्स एक्सरसाइज संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है. आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज लिए जा रहे हैं ताकि स्कूटी सवार बदमाशों की पहचान हो सके।

## 32 संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया

राजनांदगांव-रायपुर, (आरएनएस)। बसंतपुर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में दो दिन का यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने फेरीवालों, अन्य राज्यों और जिलों से आए लोगों की जांच की। किराएदारों और मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। सभी से शहर में घूमने का कारण पूछा गया। पुलिस ने 32 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर उनके फिंगर प्रिंट लिए। साथ ही उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों को भी एकत्रित किया। बसंतपुर पुलिस ने मकान मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने किराएदारों की पूरी जानकारी थाने में जमा करें। यह कदम किराएदार के रूप में किसी अपराधी के रहने से रोकने के लिए उठाया गया है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर झड़प में BSF जवान और घुसपैठिये घायल



अगरतला (आरएनएस)। सिपाहीजाला जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ घुसपैठिये भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की. इस दौरान मुस्तैद सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें रोका. तभी घुसपैठियों ने जवानों पर हमला कर दिया. इस दौराह हुई झड़प में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए. बीएसएफ की ओर जारी जानकारी के अनुसार 20-25 बांग्लादेशी बदमाशों के एक समूह ने शुक्रवार शाम लगभग 7:30 बजे बीओपी पुटिया क्षेत्र में सीमा के पास भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की. तस्करी की गतिविधियों में लगे घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक गश्ती टीम ने रोका. चेतावनी दिए जाने पर घुसपैठियों ने बीएसएफ के जवानों पर हमला कर दिया. इसके परिणामस्वरूप एक बीएसएफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थिति तब और बिगड़ गई जब बदमाश घुसपैठियों ने बीएसएफ के जवानों से हथियार छीनने का प्रयास किया. विज्ञप्ति के अनुसार खुद को बचाने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए एक बीएसएफ के जवान ने आत्मरक्षा में एक पंप एक्शन गन फायर किया, जिससे एक बांग्लादेशी घुसपैठिया घायल हो गया।

आगे कहा गया कि इस दौरान हुई झड़प में एक बीएसएफ का जवान भी घायल हो गया. घायल बांग्लादेशी घुसपैठिए और बीएसएफ जवान दोनों को तुरंत उपचार के लिए ले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. वर्तमान में उनका संबंधित अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

# ग्लोबल टेक हब में बदल रहा भारत, एमडब्ल्यूसी 2025 से इनोवेशन को मिलेगा बढ़ावा : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (ए.) । भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में बदल रहा है और देश द्वारा बड़े स्तर पर मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में हिस्सा लेने से इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय संचार मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को यह बयान दिया। एमडब्ल्यूसी 2025, दुनिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन इवेंट है। यह स्पेन के बार्सिलोना में 3-6 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में सिंधिया भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।सिंधिया ने कहा, भारत तेजी से एक ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब



के रूप में बदल रहा है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस जैसे आयोजनों में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ हमारा जुड़ाव इनोवेशन में तेजी लाने और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस एक ऐसा मंच है जो देश के इनोवेशन इकोसिस्टम को दुनिया के सामने उजागर करेगा। इस इवेंट में देश की अग्रणी टेलीकॉम कंपनियां और इनोवेटर्स अपनी अत्याधुनिक प्रगति और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय पवेलियन में 38 भारतीय टेलीकॉम उपकरण मैन्युफैक्चर्स अपने उत्पादन प्रदर्शित करेंगे। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों शामिल होंगे।सिंधिया ने आगे कहा कि मैं वैश्विक विशेषज्ञों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और मोबाइल और दूरसंचार क्षेत्र में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं।


## तेजस्वी यादव का तंज, 'जब 15 साल पुरानी गाड़ी नहीं चलती तो 20 साल पुरानी सरकार क्यों चलेगी'



पटना (आरएनएस)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को नीतीश कुमार की सरकार पर जोरदार कटाक्ष करते हुए कहा कि जब 15 साल पुरानी गाड़ी के चलने की अनुमति नहीं है तो 20 साल पुरानी सरकार क्यों चलेगी।दरअसल, इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसे लेकर बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में राजद नेता तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर निशाना साधा है।उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा, बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है क्योंकि वह ज़्यादा धुंआ फेंकती है, प्रदूषण बढ़ाती है, जनता के लिए हानिकारक है तो फिर एनडीए की 20 साल पुरानी जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार क्यों चलेगी ? 20 वर्षों की नीतीश सरकार ने विगत 20 साल में बिहार के हर गली-हर टोला-हर गांव में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन रूपी भयंकर प्रदूषण फैला दिया है।उन्होंने आगे लिखा, नीतीश-भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया। अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है। अब इसे बदलना अति आवश्यक है।

## गुढ़ियारी लूटपाट मामलें में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

रायपुर, (आरएनएस)। राजधानी के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुए लाखों की लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का 21 तोला सोना एवं 01 किलोग्राम चांदी वजनी सोने चांदी के जेवरात कीमत लगभग 21 लाख को जप्त कर लिया है। बता दें कि प्रार्थिया टिकेश्वरी रजक गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत सुखराम नगर गोगांव में अपने पुत्र के साथ किराये के मकान में रहती है तथा आमापारा चौक रायपुर में बर्फ की दुकान चलाती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में एनएक्सटी कॉन्क्लेव को संबोधित किया।

# गोविंदा और सुनीता का रिश्ता मजबूत : वकील

मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्टर गोविंदा और पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहों पर एक्टर के वकील ने



अपना रिएक्शन दिया है। गोविंदा के वकील ललित बिंदल ने बताया कि उनका रिश्ता मजबूत है। साथ ही खुलासा किया कि 6 महीने पहले कृष्णा अभिषेक की मामी ने तलाक फाइल किया था। लेकिन बाद में चीजें सही हो गई थीं और कपल फिर से साथ आ गया। वकील ललित बिंदल ने एक बातचीत में बताया, हम सभी नए साल के मौके पर नेपाल गए थे। वहां दोनों ने पशुपति नाथ मंदिर में साथ में पूजा भी की थी। उनके बीच अब सब कुछ ठीक है। और वैसे भी कपल के बीच ऐसी चीजें तो होती ही रहती हैं। लेकिन उनका रिश्ता मजबूत है और वह हमेशा साथ रहेंगे। वहीं, सुनीता और गोविंदा के अलग रहने की बात को ललित बिंदल ने खारिज कर दिया।

उन्होंने बताया कि एक्टर ने सांसद बनने के बाद अपने ऑफिशियल काम के लिए ये बंगला खरीदा था, जो फ्लैट के ठीक सामने है, जिसमें वह शादी के बाद से रह रहे हैं। वकील ने बताया कि गोविंदा कभी-कभी मीटिंग करने जाते हैं और कभी-कभी बंगले में सोते भी हैं। लेकिन कपल साथ ही रहते हैं। बता दें कि गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता के तलाक की खबर आग की तरह चारों तरफ फैली हुई है। दावा किया जा रहा है कि 37 साल की ये रिश्ता अब टूटने जा रहा है।

# मुनमुन दत्ता ने रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ, क्या रही ऐसा करने के पीछे वजह जानिए?



सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाली मुनमुन दत्ता को कुकिंग से भी लगाव रहा है। यही कारण रहा कि उन्हें भी सेलिब्रिटी मास्टरशेफ ऑफर हुआ था। लेकिन मुनमुन ने इस शो को रिजेक्ट कर दिया।

इन दिनों एक कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। इस शो में वह अपनी कुकिंग स्किल्स को दिखा रहे हैं। इसी शो के लिए सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पॉपुलर एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी अप्रोच किया गया था। लेकिन वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का हिस्सा नहीं बन पाईं।

**रियालिटी शो का हिस्सा इसलिए नहीं बन पाईं**

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो ' सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं।

'तारक मेहता...' छोड़ने पर मुनमुन ने पहली बार की बात, बोलीं- उनकी बहुत याद आती है

**कॉमेडी शो में कई सालों से एक्टिव**

सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीता जी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है।

**फिल्मों का भी हिस्सा बनीं**

मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है।

वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही 'बिग बॉस 15' में बतौर प्रतियोगी भी शामिल हो चुकी हैं। इन दिनों भी वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ रही हैं।

# यामी गौतम की लेटेस्ट फिल्म धूम धाम रिलीज



मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम की लेटेस्ट फिल्म धूम धाम हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। प्रतीक गांधी के साथ उनकी ये फिल्म लोगों को कॉमेडी का अच्छा डोज दे रही है। फिल्म के रिव्यू मिलेजुले है मगर सोशल मीडिया पर जनता धूम धाम में यामी की कॉमेडी से खूब सरप्राइज नजर आ रही है।

हालांकि, यामी के लिए जनता को सरप्राइज करना कोई नई बात नहीं है। बल्कि कहा तो ये भी जा सकता है कि अगर सरप्राइज करना एक आर्ट है तो यामी ने अपना करियर इसी आर्ट के भरोसे बनाया है। बेवजह के विवादों और पी आर कैम्पेन के ओवरडोज से दूर यामी चुपचाप अपना काम करती रही हैं और जनता को इम्प्रेस करती रहती हैं। लेकिन शायद उन्हें अब स्क्रीन पर थोड़ा और ज्यादा नजर आना चाहिए और इसकी कई वजहें हैं। अक्टूबर 2012 में आलिया ने करण जौहर जैसे बड़े फिल्ममेकर और चर्चित फिल्म से डेब्यू किया था जिसकी वजह से उन्हें शुरुआत से ही इंडस्ट्री और मीडिया में खूब लाइमलाइट मिली। लेकिन उनके आने से कुछ ही महीने पहले, अप्रैल में एक फिल्म ने जनता को बहुत सरप्राइज किया था, इसका नाम था विक्की डोनर।

स्पर्म डोनेशन जैसे मुद्दे पर बनी इस फिल्म ने एक सेंसिटिव टॉपिक को कॉमेडी के साथ जितना बेहतरीन डील किया, उसे देखकर लोग हैरान थे। विक्की डोनर की कहानी में अगर लीड जोड़ी को देखें तो जहां आयुष्मान खुराना का किरदार कॉमेडी का सोर्स था, वहीं फिल्म की इमोशनल गहराई यामी गौतम के किरदार से आई थी। यामी ने एक स्पर्म डोनर की पत्नी का किरदार निभाया था जो मां नहीं बन सकती। ये प्लॉट ट्विस्ट कहानी के मैसेज को खोलकर जनता के सामने रखने वाला सबसे बड़ा कैटेलिस्ट था। चांद के पार चलो और ये प्यार ना होगा कम जैसे टीवी शोज से जनता की नजर में आ चुकीं यामी ने विक्की डोनर से पहली बार में ही जनता को सरप्राइज किया।

पहले ही किरदार में उन्होंने दिखाया था कि उनके पास सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा ही नहीं है, बल्कि एक्टिंग टैलेंट भी भरपूर है। विक्की डोनर के लिए यामी को कई पॉपुलर बॉलीवुड अवॉर्ड शोज में बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड भी मिले और इसी केटेगरी में नॉमिनेशन भी। बता दें कि एक दशक या उससे थोड़ा पहले डेब्यू करने वाली जो एक्ट्रेसेज लोगों को झट से याद आती हैं उनमें आलिया भट्ट, श्रद्धा कपूर, परिणीति चोपड़ा और सोनाक्षी सिन्हा वगैरह शामिल हैं। मगर शायद ही किसी को अचानक याद आता हो कि यामी गौतम ने भी इंडस्ट्री में 2010-12 के उसी फेज में बॉलीवुड डेब्यू किया था जब आलिया, श्रद्धा या सोनाक्षी इंडस्ट्री में आई थीं।

# चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं एक्ट्रेस तारा सुतारिया



अभिनय और गायकी के साथ ही अभिनेत्री तारा सुतारिया चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं। तारा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अब तक छुपा कर रखे हुनर से प्रशंसकों को रूबरू कराया। यह चित्रकारी तब की है जब वह मात्र 9 साल की थीं।

तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, चारकोल स्केच मैंने बचपन में बनाए थे! ये तब का स्केच है, जब मैंने इसे बनाना शुरू किया था। उस वक्त मेरी उम्र 9 साल थी।

शेयर किए गए वीडियो में तारा सुतारिया के चारकोल स्केच के कई कलेक्शन नजर आए।

शानदार अभिनेत्री और गायिकी के बारे में तो पहले से ही जानते थे, लेकिन इस नए टैलेंट से रूबरू करा उन्होंने अपना अलग ही अंदाज पोट्रे किया है। ये बताता है कि तारा सुतारिया बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। सुतारिया अपनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए गाना भी गा चुकी हैं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए बताया भी कि उनके लिए फिल्म के गाने को आवाज देना आसान नहीं था। गाना साल 2022 में आई एक्शन-थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया गया था। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर गाने के बारे में बताया कि ये चुनौतीपूर्ण था।

इस बात को भी सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। इंस्टाग्राम में प्यारे से कैप्शन में लिखा था, मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया। इस गाने को श्रोताओं से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई। यह एक संयोग ही था क्योंकि किसी को फिल्मों में गाने का मौका बहुत ही कम मिलता है। हालांकि, इसमें ढलना ज्यादा मुश्किल था और इसे आवाज देना ज्यादा आसान नहीं था।

तारा सुतारिया ने लिखा, अंग्रेजी और हिंदी म्यूजिक दोनों ही मेरे दिल के करीब हैं। ट्रेनिंग, साउंड और तकनीक की बात करें तो दोनों बिल्कुल अलग हैं! पीछे मुड़कर देखती हूं तो एक कदम आगे बढ़कर बहुत खुश हूं। गाने के प्रति इतना प्यार पाकर आभारी हूं। सभी के साथ बहुत प्यारी यादें भी हैं। मोहित सूरी, अर्जुन कपूर, अंकित तिवारी और बैडबॉय शाह, आपने इसे खास बना दिया।

# छावा के बॉक्स ऑफिस पर 2 हफ्ते पूरे, कमाई 400 करोड़ के पार, स्त्री 2, जवान और दंगल का टूटा रिकॉर्ड

विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए दो सप्ताह हो चुके हैं. इन दो सप्ताह में फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े और बनाए. वहीं, दूसरे सप्ताह के आखिरी दिन छावा सफलतापूर्वक 400 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो गई. 14 फरवरी को रिलीज हुई लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म ने 14वें दिन हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 समेत कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं.

मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल की नई फिल्म छावा 2025 की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनी है. फिल्म पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. 13 दिनों के लंबे अंतराल के बाद, छावा ने 14वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी पहली बड़ी गिरावट देखी है. हालांकि, अच्छी खबर यह है कि विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म ने 400 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है.

सैकनिल्क के मुताबिक, छावा अपने पहले दो वीकेंड में 100-100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही है. दूसरे सोमवार और मंगलवार को विक्की कौशल की फिल्म ने क्रमशः 19.10 करोड़ रुपये और 19.23 करोड़ रुपये की कमाई की. वहीं, शिवरात्रि के मौके पर यानी दूसरे बुधवार को फिल्म ने 25.02 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. 13 दिनों के बाद पहली बार फिल्म ने कम कमाई की है. रिलीज के 14वें दिन, छावा ने केवल 12 करोड़ रुपये कमाए है.

# जानें किस तरह के दूध का सेवन आपके लिए है स्वास्थ्यवर्धक, डाइट में करें शामिल



दूध हमारी डाइट का एक अहम हिस्सा है, जो हमें कई जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि दूध के कई प्रकार होते हैं, जिनके अपने-अपने फायदे होते हैं? इस लेख में हम आपको छह अलग-अलग प्रकार के दूध और उनके पोषण समेत स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताएंगे। इससे आप यह समझ सकेंगे कि कौन-सा दूध आपके लिए सबसे उपयुक्त है।

## गाय का दूध

गाय का दूध सबसे आम और लोकप्रिय होता है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी और बी12 की भरपूर मात्रा होती है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और बच्चों की वृद्धि के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके अलावा गाय का दूध पाचन तंत्र को सुधारने में भी सहायक होता है। अगर आपको लैक्टोज इनटॉलरेंस नहीं है तो गाय का दूध आपके दैनिक आहार में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

## बकरी का दूध

बकरी का दूध उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है, जिन्हें गाय के दूध से एलर्जी होती है या लैक्टोज इनटॉलरेंस की समस्या होती है।इसमें प्रोटीन की मात्रा थोड़ी कम होती है लेकिन यह आसानी से पच जाता है।बकरी के दूध में कैल्शियम और विटामिन-ए भी अच्छी मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों और आंखों की सेहत को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

## सोया दूध

सोया दूध उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, जो शाकाहारी या वेगन डाइट फॉलो करते हैं। इसमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है और यह कोलेस्ट्रॉल मुक्त होता है, जिससे दिल की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।सोया मिल्क हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है क्योंकि इसमें फाइटोएस्ट्रोजन होते हैं, जो महिलाओं की सेहत पर खास असर डालते हैं।

## बादाम का दूध

बादाम का दूध कम कैलोरी वाला होता है इसलिए यह वजन घटाने वालों के लिए आदर्श माना जाता है।इसमें विटामिन-ई भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा को निखारने में मदद करता है और इसे तरोताजा बनाए रखता है।इसके अलावा बादाम के दूध में कैल्शियम और विटामिन-डी भी होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद होते हैं। यह दूध उन लोगों के लिए भी अच्छा विकल्प है, जिन्हें लैक्टोज इनटॉलरेंस की समस्या होती है।

# अपने लग्जरी हैंडबैग्स की उम्र बढ़ाने के लिए आजमाएं ये 5 आसान और प्रभावी तरीके

लग्जरी हैंडबैग्स का ख्याल रखना एक अहम जिम्मेदारी होती है क्योंकि ये न केवल आपके स्टाइल को बढ़ाते हैं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी का भी हिस्सा बन जाते हैं।इनकी देखभाल करना जरूरी है ताकि ये लंबे समय तक नए जैसे दिखें और आपकी अलमारी में हमेशा खास बने रहें।इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने लग्जरी हैंडबैग्स की उम्र बढ़ा सकते हैं और उनकी खूबसूरती बरकरार रख सकते हैं।



## सही तरीके से सफाई करें

अपने लग्जरी हैंडबैग्स को साफ रखने के लिए नियमित रूप से हल्के गीले कपड़े से पोछें। ध्यान रखें कि पानी ज्यादा न हो, वरना बैग का चमड़ा खराब हो सकता है।

अगर बैग पर दाग-धब्बे हों, तो उन्हें तुरंत साफ करें ताकि वे स्थायी न बन जाएं।

इसके लिए आप खास क्लीनिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो बैग के मटीरियल के अनुसार बने होते हैं।

## धूप और नमी से बचाएं

धूप और नमी आपके लग्जरी बैग्स के सबसे बड़े दुश्मन होते हैं।

इन्हें सीधी धूप में रखने से बचें क्योंकि इससे बैग का रंग फीका पड़ सकता है और चमड़ा सूख सकता है। ज्यादा नमी वाले स्थानों पर भी इन्हें रखने से बचें क्योंकि इससे फंगस या बदबू आ सकती है। बैग को हमेशा ऐसे स्थान पर रखें जहां हवा का प्रवाह हो और तापमान सामान्य रहे। इससे आपका बैग लंबे समय तक सुरक्षित रहेगा।

## सही तरीके से स्टोर करें

जब आप अपने बैग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हों तो उसे सही तरीके से स्टोर करना जरूरी होता है।इसे हमेशा डस्ट बैग में रखें, जो खरीदारी के समय मिलता है। बैग को उसकी मूल आकार में बनाए रखने के लिए उसमें टिश्यू पेपर या मुलायम कपड़ा भरकर रखें।इससे बैग की संरचना बरकरार रहती है और वह लंबे समय तक नया जैसा दिखता है। इस तरह की देखभाल से आपके लग्जरी हैंडबैग्स की उम्र बढ़ जाती है।

## नियमित रूप से कंडीशनिंग करें

चमड़े के लग्जरी बैग्स की चमक और मजबूती बनाए रखने के लिए उन्हें नियमित रूप से कंडीशनिंग करना बहुत जरूरी है।इसके लिए खास लेदर कंडीशनर का इस्तेमाल करें, जो बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। यह प्रक्रिया आपके बैग को न केवल मुलायम बनाए रखती है, बल्कि उसकी उम्र भी बढ़ाती है।कंडीशनिंग से बैग का चमड़ा सूखने या फटने से बचता है और उसकी प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रहती है। इसे हर कुछ महीनों में दोहराना चाहिए।

## सावधानीपूर्वक उपयोग करें

अपने लग्जरी बैग्स का उपयोग करते समय सावधानी बरतना बहुत जरूरी होता है।

इन्हें भारी सामानों या तेज धार वाली चीजों से दूर रखें ताकि कोई खरोंच या नुकसान ना हो सके। जब भी बाहर जाएं तो ध्यान दें कि आपका बैग किसी गंदगी या पानी वाले स्थान पर ना रखा जाए।

इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने लग्जरी हैंडबैग्स की खूबसूरती और मजबूती लंबे समय तक बरकरार रख सकते हैं।


# रणजी ट्रॉफी फाइनलः करुण नायर ने सीजन का नौवां शतक जड़कर विदर्भ को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

नागपुर (ए)। विदर्भ के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज करुण नायर ने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दूसरी पारी में शतक जड़कर अपनी टीम को शनिवार को जामथा के वीसीए स्टेडियम में खिताब जीतने की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।चौथे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए नायर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, जब केरल की शुरुआती सफलताओं के बाद टीम 7/2 पर लड़खड़ा रही थी। रात की 37 रन की पहली पारी की बढ़त में इजाफा करते हुए, दानिश मालेवार के साथ एक बार फिर साझेदारी की – इससे पहले मैच में 215 रन की शानदार साझेदारी में उनके सहयोगी रहे – नायर ने 184 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर केरल की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस साझेदारी ने दिन के अंतिम सत्र में अपनी बढ़त को 200 से अधिक तक पहुंचा दिया।यह 2013–14 में कर्नाटक के लिए पदार्पण करने के बाद से चार मैचों में रणजी ट्रॉफी फाइनल में नायर का दूसरा शतक था। पहली पारी में, उन्होंने अपने 152वें मैच में 8,000 प्रथम श्रेणी रन पूरे किए



और पहली बार, एक रणजी ट्रॉफी सीजन में 800 रन पार किए। यह सीजन का उनका नौवां शतक भी था और तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने के बाद उनका जश्न भी इसी बात का संकेत था।33 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने पिछले महीने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके वापसी की थी – सात पारियों में 752 रन और पांच शतक बनाए – ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ विदर्भ के अंतिम लीग मैच में शतक लगाया और इसके बाद तमिलनाडु पर क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अपना 22वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। नायर ने 2013–14 में अपने पहले प्रथम श्रेणी सत्र के दौरान रणजी ट्रॉफी फाइनल में हिस्सा लिया था, जहां कर्नाटक ने महाराष्ट्र के खिलाफ खिताब जीता था। अगले वर्ष, उन्होंने तमिलनाडु के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ 328 रन बनाए – रणजी फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर – और प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान अर्जित किया, क्योंकि कर्नाटक ने सफलतापूर्वक अपना खिताब बरकरार रखा।

# चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हो सकता है ये खिलाड़ी, फैंस निराश



लाहौर(ए)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने संकेत दिया कि चोटिल सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के फाइनल में क्वाड चोटिल होने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश के कारण मैच रद्द होने के कारण ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी से सेमीफाइनल में पहुंच गया, जबकि अफगानिस्तान को शीर्ष चार में पहुंचने के लिए इंग्लैंड से कुछ चमत्कार करने की उम्मीद होगी। शॉर्ट को अफगानिस्तान की पारी के अंत में चोट लगी, और ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के बावजूद, वह विकेटों के बीच स्वतंत्र रूप से घूमने में संघर्ष करते रहे, मुख्य रूप से बाउंड्री लगाने पर ध्यान केंद्रित करते रहे। वह 4.3 ओवर में 44 रनों की मूल्यवान ओपनिंग साझेदारी में 15 गेंदों पर 20 रन बनाने में सफल रहे, इससे पहले कि वह मिड–ऑन पर आउट हो गए। मैच के बाद, कप्तान स्टीवन स्मिथ ने शॉर्ट की रिकवरी में समय की कमी को स्वीकार किया। स्मिथ ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, मुझे लगता है कि वह संघर्ष कर रहा होगा। मुझे लगता है कि हमने आज रात देखा कि वह बहुत अच्छी तरह से नहीं चल रहा था। मुझे लगता है कि उसके ठीक होने के लिए मैचों के बीच बहुत कम समय है। जेक फ्रेजर–मैकगर्क, चोटिल मिशेल मार्श की जगह, टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज हैं और शॉर्ट के लिए शीर्ष क्रम में सीधे प्रतिस्थापन हो सकते हैं। हालांकि, अन्य विकल्प उपलब्ध हैं, ऑलराउंडर आरोन हार्डी के साथ संभवतः किसी और को ओपनिंग के लिए भेजा जाता है।स्मिथ ने कहा, हमारे पास इस भूमिका को भरने के लिए कुछ लोग उपलब्ध हैं। यदि शॉर्ट को आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर कर दिया जाता है, तो बाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के स्पिनर कूपर कोनोली को यात्रा रिजर्व के रूप में बुलाया जा सकता है। शॉर्ट की अनुपस्थिति स्पिन–गेंदबाजी के विकल्प को भी खत्म कर देगी, क्योंकि उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 21 रन देकर सात बेहतरीन ओवर फेंके थे। फिर भी, ऑस्ट्रेलिया के पास अन्य स्पिन–गेंदबाजी विकल्प हैं, जिनमें ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो विकेट लिए थे, लेकिन शुक्रवार को उनका इस्तेमाल नहीं किया गया। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट में पहले से ही कई चोटों से जूझ रहा था, जिसमें मार्श (पीठ), पैट कमिंस (टखना), जोश हेज़लवुड (कूल्हे) और मिशेल स्टार्क (टखना) सभी बाहर थे, और मार्कस स्टोइनिस ने अपने संन्यास की घोषणा की।

# डब्ल्यूपीएल 2025 : डीसी ने एमआई को 9 विकेट से हराया, जोनासन और लैनिंग ने बनाए शानदार रिकॉर्ड



नई दिल्ली (ए.)। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 का 13वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स वुमन (डीसी) और मुंबई इंडियंस वुमन (एमआई) टीम के बीच खेला गया। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। दिल्ली की जीत की नायिका रहीं जेस जोनासन, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई को 123/9 पर रोक दिया और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। यास्तिका भाटिया (11) और हेली मैथ्यूज (22) ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े, लेकिन शिखा पांडे ने भाटिया को आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नेट साइवर–ब्रंट (18) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन जेस जोनासन ने दोनों को पवेलियन भेजकर मुंबई की कमर तोड़ दी। जोनासन ने अपने 4 ओवर में 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।हरमनप्रीत के खिलाफ जोनासन के टी20 रिकॉर्ड (23 पारियों में 6 बार आउट, 107.75 स्ट्राइक रेट और सिर्फ 20.8 की औसत) ने इस मुकाबले में भी उनकी अहम भूमिका को रेखांकित किया। मुंबई की मध्यक्रम बल्लेबाज अमेलिया केर (17) और सजीवन सजना (5) भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं। मिन्नू मणि ने भी 3 विकेट लेकर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। अंत में अमनजोत कौर (17*) ने कुछ तेज शॉट्स खेले, लेकिन मुंबई की पारी 20 ओवर में 123/9 पर सिमट गई।124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत कप्तान मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने शानदार अंदाज में की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की। शेफाली वर्मा ने 28 गेंदों में 43 रन (4 चौके, 3 छक्के) की ताबड़तोड़ पारी खेली और 153.57 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए, लेकिन अमनजोत कौर ने उन्हें आउट कर यह जोड़ी तोड़ी।दूसरे छोर पर मेग लैनिंग (60*) नाबाद रहीं और 49 गेंदों में 9 चौकों की मदद से अपनी टीम को जीत तक ले गईं। उनके साथ जेमिमा रोड्रिग्स (15*) ने भी नाबाद रहकर योगदान दिया। मेग लैनिंग ने इस लीग में कमाल की स्थिरता का प्रदर्शन किया है। लैनिंग ने 60* रनों की पारी के साथ वूमेन प्रीमियर लीग में अपनी 8वीं फिफ्टी प्लस स्कोर बनाई, जो लीग में सबसे ज्यादा है। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य सिर्फ 14.3 ओवर में 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया।लैनिंग–शेफाली की जोड़ी भी लीग में खूब कमाल दिखा रही है। इस जोड़ी ने डब्ल्यूपीएल में 11वीं बार 50+ रनों की साझेदारी की, जो किसी भी जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। पावरप्ले में दिल्ली कैपिटल्स का स्कोर 57/0 रहा, जो इस सीजन में उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ पावरप्ले प्रदर्शन रहा। इस टीम का बेस्ट पावरप्ले स्कोर भी एमआई के खिलाफ आया था जब उन्होंने 1 विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाए थे।

# जोस बटलर ने किया चैंपियंस ट्रॉफी के बाद इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ने का ऐलान

कराची (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड का सफर अच्छा नहीं रहा है। टीम अपने पहले दोनों मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को आखिरी मैच से पहले जोस बटलर ने टूर्नामेंट के बाद कप्तानी छोड़ने की घोषणा की है।बटलर को जून 2022 में



इयोन मोर्गन के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्होंने उसी वर्ष ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीता था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में 34 वर्षीय बटलर ने कप्तानी छोड़ने के निर्णय की घोषणा की। हालांकि वह शनिवार के मैच में आखिरी बार टीम का नेतृत्व करेंगे।उन्होंने कहा, मैं इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ने जा रहा हूं। यह मेरे और टीम के लिए सही निर्णय है। उम्मीद है कि कोई और टीम को लीड करते हुए वहां ले जाएगा जहां उसे होना चाहिए। बटलर ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी में मिली दो हार के बाद टीम का सफर खत्म हो गया। मैं इस हार से दुखी हूं। मेरी कप्तानी में यह टूर्नामेंट महत्वपूर्ण होने वाला था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। टीम के साथ ब्रेंडन (मैककुलम) के आने के बाद, मैं उनके साथ काम करने और टीम को आगे ले जाने के लिए उत्साहित था, लेकिन चीजें उम्मीद के अनुरूप नहीं हुईं, इसलिए मुझे लगता है कि बदलाव के लिए यह सही समय है। पिछले दो वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंटों में इंग्लैंड का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा, जो बदलाव की जरूरत को रेखांकित करता है। लीग चरण में सातवें स्थान पर रहने के बाद टीम 2023 वनडे विश्व कप से बाहर हो गई। पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में उसे भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा।बटलर ने अपनी 'निराशा और उदासी' भी जाहिर की। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह आगे भी खेलना जारी रखेंगे और आनंद लेंगे। उन्होंने कहा, एक तरह की निराशा और उदासी है, लेकिन मुझे यकीन है कि यह समय के साथ दूर हो जाएगी और मैं अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा पाऊंगा।

## विदेश समाचार

# ELON MUSK 14वीं बार बने पिता, पार्टनर शिवॉन जिलिस ने बेटे को दिया जन्म





सैन फ्रांसिस्को (ए)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर पिता बने हैं, इस बार उनकी पार्टनर और न्यूरालिंक की कार्यकारी शिवॉन जिलिस ने एक बेटे को जन्म दिया है। मस्क ने इस खबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया। यह शिवॉन जिलिस और एलन मस्क का चौथा बच्चा है।शिवॉन जिलिस ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए लिखा कि एलन मस्क के साथ चर्चा के बाद, उन्होंने अपने बेटे सेल्डन लाइकर्गस के बारे में लोगों को बताना उचित समझा, खासकर उनकी बेटी अर्काडिया के जन्मदिन के अवसर पर। उन्होंने सेल्डन को बेहद मजबूत लेकिन दिल से बेहद दयालु बताया और अपने प्यार का इजहार किया।

### मस्क का 14 बच्चों का परिवार

सेल्डन लाइकर्गस के जन्म के साथ, एलन मस्क अब कुल 14 बच्चों के पिता बन गए हैं, जो अलग–अलग रिश्तों से हैं। उनकी पहली पत्नी जस्टिन विल्सन से उन्हें पांच बच्चे हैं: जुड़वां बच्चे विवियन और ग्रिफिन, और तीन ट्रिपलेट्स काई, सैक्सन और डेमियन। जस्टिन विल्सन से उनका पहला बेटा, नेवादा एलेक्जेंडर मस्क, दुर्भाग्यवश 10 हफ्ते की उम्र में ही चल बसा था। मस्क और म्यूजीशियन ग्राइम्स के तीन बच्चे हैं- बेटे एक्स ऐश ए–12 और टेक्नो मैकेनिकस, और बेटी एक्सा डार्क साइडराएल। शिवॉन जिलिस के साथ उनके अब चार बच्चे हो चुके हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि शिवॉन जिलिस उस टीम का हिस्सा थीं जिन्होंने हाल ही में भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

### पितृत्व पर विवाद

हाल ही में, मैगा (MAGA) से जुड़ी प्रभावशाली हस्ती एश्ले सेंट क्लेयर ने दावा किया था कि उन्होंने एलन मस्क के 13वें बच्चे को जन्म दिया है। अदालत के दस्तावेजों में इस बच्चे का नाम RSC बताया गया है। एश्ले सेंट क्लेयर ने मस्क पर बच्चे की परवरिश में शामिल न होने का आरोप लगाया है और पितृत्व परीक्षण (Paternity Test) की मांग की है। न्यूयॉर्क की अदालत ने एलन मस्क को इस मामले पर 29 मई 2025 तक जवाब देने का आदेश दिया है।

### आंचलिक क्षेत्र के लोगों के जीवन पर शी चिनफिंग का विशेष ध्यान

बीजिंग (ए)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा था कि चीनी आधुनिकीकरण में जनकल्याण सर्वोपरि है। सत्तारूढ़ पार्टी और सरकार के सभी कार्यों का उद्देश्य जनता को बेहतर जीवन दिलाना है। वे हमेशा आम लोगों खासकर सुदूर क्षेत्र के लोगों के जीवन का विशेष ध्यान रखते हैं। शीपातुंग गांव दक्षिण चीन के हुनान प्रांत में स्थित एक पहाड़ी गांव है। नवंबर 2023 में शी चिनफिंग गरीबी उन्मूलन के निरीक्षण के लिए यहां आए थे। उस समय गांव में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय सिर्फ 1,600 युआन थी। शी चिनफिंग ने गांववासियों के साथ बातचीत में कहा कि गरीब क्षेत्र को अपनी ठोस स्थिति के मुताबिक आय बढ़ाने का रास्ता निकालना चाहिए। यहां शी ने पहली बार लक्षित तरीके से गरीबी दूर करने का विचार रखा।

# ढाका की हवा में घुला 'जहर' ! सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष स्थान पर

ढाका (ए)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका ने शनिवार सुबह दुनिया में सबसे खराब वायु गुणवत्ता का रिकॉर्ड बनाया। वायु गुणवत्ता और प्रदूषण रैंकिंग के अनुसार, शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 304 दर्ज किया गया, जो कि 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 151 से 200 के बीच होने पर 'गंभीर', 201 से 300 तक 'अति गंभीर', 301 से 400 तक 'खतरनाक' माना जाता है। खतरनाक वायु गुणवत्ता बांग्लादेश के लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती हैं। देश के प्रमुख मीडिया संगठन, यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश के मुताबिक, चीन की राजधानी बीजिंग, उज्बेकिस्तान की ताशकंद और इराक की बगदाद क्रमशः 238, 220 और 179 के एक्यूआई स्कोर के साथ दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। दुनिया के विभिन्न शहरों की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट स्विस–आधारित संगठन 'आईक्यूएयर' द्वारा प्रकाशित की जाती है। वायु



गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग रोज की वायु गुणवत्ता को मापने के लिए किया जाता है। यह बताता है कि हवा कितनी साफ है या प्रदूषित और इससे स्वास्थ्य पर क्या असर हो सकता है। एक्यूआई यह भी बताता है कि प्रदूषित हवा में कुछ घंटों या दिनों तक सांस लेने से लोगों की सेहत पर क्या असर पड़ सकता है। एक्यूआई की गणना पांच प्रमुख वायु प्रदूषकों के आधार पर की जाती है। पार्टिकुलेट मैटर (पीएम10 और पीएम 2.5), कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ओजोन।देश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार के मुताबिक बांग्लादेश वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, देश में हर साल वायु प्रदूषण के कारण 102,456 मौतें होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण हर साल दुनिया भर में लाखों लोगों की मौत होती है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक, 10 में से 9 लोग ऐसी हवा में सांस लेते हैं, जिसमें प्रदूषक स्तर अधिक होता है। डब्ल्यूएचओ वायु प्रदूषण की निगरानी और वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

# लंदन पहुंचते ही जेलेंस्की का बदला सुर, बोले- समर्थन के लिए ट्रंप का आभारी हूं



लंदन (ए)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने हाल ही में अपने बयानों में अप्रत्याशित बदलाव दिखाया है। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ तीखी बहस के कुछ घंटों बाद, लंदन पहुंचने पर जेलेंस्की का रवैया आश्चर्यजनक रूप से नरम दिखा। उन्होंने न केवल अमेरिकी समर्थन की सराहना की, बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जो पहले आलोचनात्मक लग रहे थे।लंदन में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, हम अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए सभी प्रकार के समर्थन के लिए अत्यंत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, अमेरिकी कांग्रेस और अमेरिकी जनता को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं, खासकर इन पिछले तीन वर्षों के दौरान जब हम रूस के पूर्ण पैमाने पर युद्ध का सामना कर रहे हैं।

जेलेंस्की के इस अप्रत्याशित बदलाव को व्यापक रूप से एक कूटनीतिक पैंतरेबाज़ी के रूप में देखा जा रहा है।व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ हुई तीखी नोकझोंक के बाद यह बयान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हाल के समय में, यूक्रेन को अमेरिकी सहायता के मुद्दे पर ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तनाव बढ़ने की खबरें थीं। हालांकि, लंदन में दिए गए इस नवीनतम बयान में, यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया, जो रिश्तों में संभावित सुधार का संकेत देता है।अपने बयान में जेलेंस्की ने आगे जोर दिया, अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हमारे संबंध केवल दो नेताओं के बीच का मामला नहीं है, बल्कि यह दो देशों के बीच एक ऐतिहासिक और मजबूत रिश्ता है। यही कारण है कि मैं हमेशा अमेरिकी जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।मानवाधिकारों और द्विपक्षीय सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए, जेलेंस्की ने यह भी कहा कि यूक्रेन अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों को महत्व देता है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में ये संबंध और भी मजबूत होंगे।ट्रंप के साथ मुलाकात से पहले, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वाशिंगटन डीसी में यूक्रेन हाउस का भी दौरा किया, जहां उन्होंने अमेरिका में रह रहे यूक्रेनी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने यूक्रेनी समुदाय से बात करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन के संघर्ष को वैश्विक स्तर पर उजागर किया जाए और दुनिया इसे न केवल युद्ध के दौरान बल्कि उसके बाद भी याद रखे।

जेलेंस्की ने आगे कहा कि यूक्रेनी लोगों को यह महसूस करना जरूरी है कि वे इस संकट में अकेले नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आवश्यक है कि हर देश और दुनिया के हर कोने में यूक्रेन के हितों का प्रतिनिधित्व किया जाए। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी सरकार और नागरिकों द्वारा दिए गए समर्थन के लिए 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से भी आभार व्यक्त किया था।जेलेंस्की का यह बदला हुआ स्वर, अमेरिका के साथ संबंधों को सहज बनाने और यूक्रेन के लिए पश्चिमी समर्थन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति के करें पर्याप्त प्रबंध - कलेक्टर बालागुरु के.

## नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें

सीहोर ( निप्र)। कलेक्टर बालागुरु के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की बैठक आयोजित कर नगरीय निकायों में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों तथा हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल के पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल अभाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को पेयजल के लिए परेशान ना होना पड़े इसके लिए अभी से आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली जांए। कलेक्टर बालागुरु के. ने नगरीय निकायों में संचालित अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकायों में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों



को निर्देश दिए की सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा में पूर्ण किए जांए। प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए की आवास का कार्य समय सीमा में पूरा कराया जाए तथा आवास पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जाए। उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगरों में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित सफाई तथा अपशिष्ट का निष्पादन किया जाए। उन्होंनें नगर पालिकाओं के संबंधित अधिकारियों को 08 मार्च को आयोजित होने नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश।

# बुधनी के आवासीय स्कूल में प्रवेश फार्म की अंतिम तिथि 10 मार्च

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिले के बुधनी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल की कक्षा छठवीं में सत्र 2025-26 में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। स्कूल की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए कुल 60 सीटें रिक्त हैं। जिसमें 30 सीटों छात्रों एवं 30 सीटों पर छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अमीना खान ने बताया कि इसके लिए 18 फरवरी 2025 से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है। इसके साथ ही 12 मार्च से परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे तथा 30 मार्च को परीक्षा होगी। इसमें प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के पास अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कक्षा चौथी एवं पांचवी की अंकसूची एवं 06 पासपोर्ट साइज फोटो होना अनिवार्य है।


# महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में हुनर इनिशिएटिव के तहत व्याख्यान का आयोजन




सीहोर (निप्र)। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 01 मार्च 2025 को हुनर इनिशिएटिव के तहत महिला उद्यमिता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 प्रियंका झवर प्राचार्य, पोलीटेक्निक महाविद्यालय श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी सीहोर द्वारा महिला उद्यमिता संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डी.आर. वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. स्मिता शर्मा इंजी0 गजेन्द्र कुमार अहिरवार एवं समस्त शिक्षक व छात्राएं उपस्थित हुए।

# फुलेरा दूज पांच क्विंटल फूलों से किया मंदिर परिसर में श्रृंगार

## भक्त देर रात तक भजन कीर्तन करते हैं और सुबह ठंडे पानी में नहाकर शिव जाप





सीहोर (निप्र)। भगवान की पूजा और ज़रूरतमंदों की मदद करना अलग-अलग है। भगवान की पूजा-पाठ से मन शांत होता है और भगवान की कृपा मिलती है। वहीं, ज़रूरतमंदों की मदद करना समाज का दायित्व है और यह सबसे बड़ी पूजा है। आपने देखा होगा लोहे की कील पानी में डूब जाती है और वहीं कील अगर लकडी में लगी हो तो नहीं डूबती है। इसी तरह आपके पास पुण्य करने के लिए धन नहीं है तो जो पुण्य कर रहा है, पुण्यवान है उसका साथ दें, उसका लाभ आपको मिलेगा। अगर हमारे पास ज्यादा धन, समय और वस्तुएं है तो जरूरतमंद लोगों की मदद करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। दान करते समय घमंड नहीं करना चाहिए। अगर घमंड के साथ दान करेंगे तो जीवन में अशांति बनी रहेगी। परोपकार से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। जो व्यक्ति स्वयं की न सोचकर परोपकार के लिए कार्य करता है वही सच्चे अर्थों मे मनुष्य है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के पांचवे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।हर साल की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था और उत्साह के साथ जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के भव्य परिसर में आ रहे है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा सुना रहे हैं, उनके कथा कार्यक्रम में रोजाना लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भक्तों के लिए पार्किंग और बैठक व्यवस्था सहित खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है। कथा कार्यक्रम में लगभग 50 क्विंटल से अधिक आटे की चपती, 20 किलो बालुशाही की मिठाई, 20 क्विंटल मिक्चर, 40 क्विंटल से अधिक खिचड़ी, 20 क्विंटल से अधिक चावल, 10 क्विंटल नुक्ति दही की ठंडाई और नींबू पानी बांटा जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस सहायता केन्द्र और चिकित्सालय की व्यवस्था की है, जनपद पंचायत और समाजसेवियों की ओर से 50 से अधिक पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई है।मंदिर परिसर के पीछे ग्राउंड में सीहोर वाले कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का कथा कार्यक्रम जारी है। पंडाल में लगभग 6 लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। कथा कार्यक्रम में हर दिन लाखों भक्त शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आ रहे हैं। इस दौरान गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में पानी और ठंडाई का वितरण किया जा रहा है. इसके अलावा पंडाल में रुके लोगों को रात के वक्त आधुनिक रसोई से खाने की व्यवस्था की जा रही है। शनिवार को करीब 10 लाख से अधिक भक्तों को दोनों समय के भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। कुबेरेश्वरधाम पर निर्मित शिवलिंग पर फुलेरा दूज के दिन धतूरा अर्पित किया गया। इस मौके पर मध्य रात्रि से ही यहां पर भक्तों का सैलाब आस्था से उमड़ा हुआ था। रविवार को कथा का छठवा दिन कथा की शिवरात्रि का जागरण किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात्रि में कथा पंडाल सहित मंदिर में उपस्थित होकर भजन-कीर्तन और भगवान का ध्यान करेंगे।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राही सम्मेलन आयोजित

## 17 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को आवास निर्माण की दी गई तकनीकी जानकारी

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन कि निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए क्लस्टर लेवल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा सके तथा आवासों का निर्माण समय सीमा में हो सके। सम्मेलन में



मकान का नक्शा लेआउट सहित चरण दर चरण निर्माण की पूरी जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में आष्टा जनपद के ग्राम बमुलिया भाटी में 05 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों, भैरूंदा जनपद के ग्राम लाड़कुई में 12 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीहोर जिले को 24,388 आवासों का नवीन लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य के तहत सीहोर जिले में नवाचार कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए जिले के प्रत्येक कलस्टर में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजित हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों एवं आमजनों को आवास योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रथम किस्त में प्लिंथ निर्माण के लिए 25,000 रूपये, दूसरी किस्त में दीवार चुनाई के लिए 40,000 रूपये, तीसरी किस्त में छत निर्माण के लिए 40,000 रूपये, चौथी किस्त में मनरेगा एवं मजदूरी भुगतान के लिए 35,000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक, सचिव, उपयंत्री, मनरेगा अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास प्रभारी, राजमिस्त्री का कार्य करने वाले आजीविका ग्रुप एवं हितग्राही उपस्थित थे।

# दान में इतनी बड़ी शक्ति है कि सारा जीवन परिवर्तित हो सकता है ,: आचार्य श्री उदारसागर जी महाराज

सीहोर (निप्र)। श्री दिगंबर संत आचार्य 108 श्री उदार सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी में प्रात: श्री जी के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान श्रावक श्राविकाओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान बताया कि दान चार प्रकार का होता है आहार दान, औषधि दान और अभय दान।दान सतपात्रो को दिया जाता है ।

सतपात्रो को दिया दान मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करता है। सतपात्रों मे उतम मुनि महाराज, मध्यम में आर्थिकाएं श्रृल्लक क्षल्लिकाएं तथा जघन्य पात्र वितरागी श्रावकगण आते हैं। परोपकार के लिए अपनी वस्तुओं का प्रदान करता दान है विधि पूर्वक दिया गया दान ही फलदायी होता है जितने उत्कृष्ट पात्र मिलते हैं तो दान का फल उतना ही उत्तम होता है।आचार्य श्री ने आगे कहा कि अपने परिश्रम से कमाये गये धन से अवसर आने पर समर्पित भाव से दान करना चाहिए। जब ही धन का सदउपयोग सार्थक होता है।श्रद्धा के बिना दान देना कार्यकारी नहीं होता। जिनके जीवन में शिष्टाचार नहीं धर्म से रहित है उनका जीवन निर्यचो के समान है, वे सिर्फ इस धरती पर भार



स्वरूप मात्र विचरण कर रहे हैं। ये वचन आचार्य श्री ने धर्म सभा में अपने मंगल प्रवचनो में कहे।आचार्य श्री ने आगे कहा कि आहार दान देते समय श्रावक को बहुत विवेक के साथ आहार दान देना चाहिए आहार दान बहुत बड़ा दान है आहार दान देने का हर व्यक्ति को अवसर नहीं मिल पाता। जैन मुनियो को आहार देने से महान पुण्य का अर्जन होता है नवधा भक्ति और सात गुणों के साथ आहार दान दिया जाता है। पिंड शुद्धि भी होना चाहिए, जिन्होंने कभी मांस मदिरा आदि का सेवन न किया हो वे आहार देने के योग्य होते हैं।

समयक्त पूर्वक दिया दान सार्थक होता है मानव मान करे तो उससे अच्छा निर्णय हो गुरूओं को मान नहीं बताना चाहिए, गुरूओ से कभी बैर नहीं रखना चाहिए। आचार्य श्री ने आगे कहा कि दान में इतनी बडी़ शक्ति है कि सारा जीवन परिवर्तित हो सकता है। मुनियों का ओवध दान से निरोगी काया मिलती है और परंपरा से मुक्ति का कारण बनता है निश्वार्थ पूर्वक दान अतिशय कारी होता है। भगवान को नमोस्तु करता है उसे उच्च गौत्र की प्राप्ति होती है जो दान देता उसे चक्रवर्ती जैसे भोग, जो भक्ति करता है सुंदर रूप और स्तुति से उसे कीर्ति फैलती है। यदि संग न बने तो संत समागम से संसार का अंत दिख जाता है और वह संतोषी बन जाता है।आचार्य श्री ससंघ अल्प प्रवास पर सीहोर पधारे थे। दोपहर बाद आचार्य श्री ससंघ ने भोपाल हेतु मंगल बिहार किया।

# भजन संध्या- खाटू श्याम बाबा का दरबार सजाया, इत्र की वर्षा की

सीहोर (निप्र)। शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में श्री श्याम सखा अरदार मंडल के तत्वाधान में श्री श्याम समागम ज्योत यात्रा संकीर्तन का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बुंदेल खंड के भजन गायक सागर राठौर, उत्कर्ष अग्रवाल संतोष राठौर और सचिन चेतन गुप्ता आदि ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं जिला संस्कार मंच और ब्राह्मण समाज की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने श्री श्याम समागम ज्योत यात्रा में शामिल सभी श्यामप्रेमियों का स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर एक श्याम खाटू वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन संध्या देर रात तक चली, श्री श्याम सखा अरदार मंडल द्वारा खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया और भक्तों पर पुष्प व इत्र वर्षा की गई। साथ ही दरबार में अखंड ज्योत जगी। वहीं शनिवार की सुबह इंदौर से रवाना हुई यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि श्री श्याम समागम ज्योत यात्रा इंदौर से आरंभ हुई है। अप्रैल में 45 दिनों तक वाहनों से विभिन्न शहरों से होते हुए प्राचीन खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। इसमें करीब 20 श्याम प्रेमी शामिल है। उक्त दिव्य आयोजन भजन गायक अखिलेश माहेश्वरी एवं श्री श्याम सखा अरदार मंडल ने शहर में किया था। श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

# महेंद्र वशिष्ठ के पक्के घर का सपना हुआ साकार



सीहोर (निप्र)। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर पात्र हितग्राहियों को मकान बनाने के लिए सरकार द्वारा सहायता राशि दी जाती है।

अपने सिर पर एक पक्की छत होना हर व्यक्ति का सपना होता है। स्वयं का पक्का मकान, जहां वह अपने परिजनों के साथ एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए पूरी जिन्दगी भर की पूंजी लगाने पर भी पक्का मकान बनाना संभव नहीं हो पाता। प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे ही लोगों के अपने घर के सपने को साकार कर रही है। सीहोर के अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी श्री महेंद्र वशिष्ठ ने सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका अपना पक्का मकान होगा। महेंद्र वशिष्ठ कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके पक्के घर के सपने को साकार किया है। महेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि कच्चे घर में बारिश के मौसम में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दौरान कई रातें हमें जागकर बितानी पड़ती थी, कई बार जहरीले जीवों के घर में आने का डर बना रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें इन सब परेशानियों एवं चिंताओं से मुक्त कर दिया है।

# 15 मार्च से 05 मई तक किया जाएगा गेहूं उपार्जन

सीहोर ( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य के लिए उपार्जन नीति जारी की गई है। जारी उपार्जन नीति के अनुसार 15 मार्च 2025 से 05 मई 2025 तक गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। पहले उपार्जन की तिथि 01 मार्च 18 अप्रैल निर्धारित की गई थी, पर अब शासन द्वारा इसमें संशोधन करते हुए उपार्जन की तिथि 15 मार्च से 05 मई निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को जारी उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के आदेशानुसार गेहूं उपार्जन के लिए जिले में एमपीडब्ल्यूएलसी स्वनिर्मित गोदामों को जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा एवं निर्णय के उपरांत विभिन्न तहसीलों में सेवा सहकारी विपणन समितियों को गेहूं उपार्जन के कार्य के लिए नियुक्त किया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार आष्टा तहसील के लिए आष्टा स्थित सहकारी विपणन संस्था मर्यादित को नियुक्त किया गया है।

# ऊंची जाति के लोगों के घर के सामने नीची जाति के व्यक्ति के द्वारा घर बनाने की कोशिश पर बकतरा की किरार पंचायत ने दी तालिबानी सजा





सीहोर ( निप्र)। सुनों किसी ने भी इन नीच जाति के लोगों को किराना सामान आटा दाल पानी दिया, किसी ने भी काम के लिए बुलाया तो उसको एक लाख रू पये जुर्माना देना होगा यह तालिबानी फैसला ग्राम बकतरा की किरार समाज पंचायत ने सुनाया है। ऊची जाति के लोगों के घर के सामने नीची जाति के एक व्यक्ति के द्वारा घर बनाने की कोशिश करने की यह सजा किरार पंचायत ने पूरे गांव के अनुसुचित जाति के ग्रामीणों को सुना दी है।हुक्का पानी बंद होने से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बंसल और धानुक समाज प्रदेश सचिव रवि नागले के नेतृत्व में कलेक्टर बालागुरूके को ज्ञापन देकर तीन दिनों के अंदर अनुसुचित जाति के ग्रमीणों के साथ अमानवीयता का व्यवहार करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाही और पीड़ितों को पुलिस सुरक्षा दिए जाने की मांग की गई है। तीन दिनों के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर बांस शिल्पकार युवा शक्ति संगठन धानुक समाज ने प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन करेगा।कलेक्ट्रेट परिजनों के साथ ग्राम बकतरा से पहुंचे राधेश्याम बंशकार ने बताया कि 24 फरवरी सोमवार शाम पडोसी रूपसिंह घर आया और कहा की तुम नीच जाति के हो मेरे घर के सामने मकान मत बनाओ, मैने कहा की यह मेरी जगह है मैं यही मकान बनाउगा तो वह इसी बात पर मुझे गाली देने लगा आवाज सुनकर रूप सिंह चौहान के दोने लडके सोनू चौहान एवं प्रभात चौहान एवं उसका भाई मोहन भी आ गए और गालियां देने लगें। रूपसिंह ने वही पर पड़ें डंडे को उठाकर मेरे सिर में मार दिया। परिजनों ने बीच बचाव किया लेकिन चारो ने डंडे एवं हाथ मुक्को से मारपीट की। मारपीट में दीनबंधु,सागर, सुखक्ती बाई,दुर्गेश,प्रेमसिंह घायल हो गए। शाहगंज थाने में घटना की रिर्पोट दर्ज कराई। जिस के बाद गाँव के किरार समाज के लोगो ने पंचायत बुलाकर फैसला सुना दिया। गांव में ऐलान भी करा दिया गांव के सभी अनुसूचित जाति (बंशकार) समाज का हुक्का पानी बंद कर दिया गया है। दुकानदारों को राशन पानी दाल आटा नहीं देना है। खेतो में काम करने के लिए नहीं बुलना है अगर किसी ने भी फैसले के खिलाफ काम किया तो उसको एक लाख रूपये का जुर्माना देना होगा। जिस के बाद सभी दुकानदारों ने राशन देना बंद कर दिया है, गांव वाले पीने का पानी भी नहीं भरने दे रहे है। अनेक अनुसुचित जाति के लोग बकतरा छोड़कर रिश्ते दारों के यह शरण लिए है। पुलिस ने अबतक आरोपियों को गिरफतार नहीं किया है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com